तापमान

अधिकतम 40.4 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 12 मई 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




आजाद हिंद एक्सप्रेस शनिवार को 5 घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन पहुंची। इस दौरान ट्रेन में भारी भीड़ रही।

# दुकानों का विस्थापनः नगर निगम ने पुराने बस स्टैंड परिसर में किया सौ दुकानों का ले-आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इमलीपारा रोड का चौड़ीकरण एवं इमलीपारा रोड को सीधे बस स्टैंड चौक से जोड़ा जाएगा। इसके लिए जो दुकानें आ रही है उन्हें तोड़ा जाएगा। इसलिए हाईकोर्ट के आदेशानुसार उन दुकान वालों का पहले विस्थापन किया जाना है, जिसके लिए शनिवार को नगर निगम की टीम द्वारा पुराना बस स्टैंड परिसर में अस्थाई दुकानों के लिए ले-आउट किया गया।

हाईकोर्ट से इस मामले में फैसला आने के बाद शनिवार की सुबह नगर निगम के भवन शाखा, नजूल शाखा, संपदा शाखा की टीम इमलीपारा, पुराना बस स्टैंड ले-आउट कराने पहुंची। यहां पर अस्थाई रूप से व्यापारियों को दुकान लगाने के लिए करीब 100 दुकानों का ले-आउट किया गया है। इसमें करीब 78 दुकानें पुराना बस स्टैंड परिसर में जहां पहले राज्य परिवहन का बस स्टैंड हुआ करता था वहां पर ले-आउट किया गया है। वहीं 4 दुकानों का ले-आउट पुराना टिकट काउंटर के पास और 18 दुकानों का ले-आउट छाया होटल के पीछे शारदा भोजनालय के पास किया गया है। इसके लिए नगर निगम की ओर से वहां के सभी व्यापारियों को ले-आउट की सूचना दी गई, किन्तु ज्यादा व्यापारी नहीं पहुंचे थे और बहुत से व्यापारियों ने तो सूचना पत्र में हस्ताक्षर भी नहीं किया है। ले-आउट के दौरान जो व्यापारी मौजूद रहे उनकी यह आपत्ति थी कि पुराना बस स्टैंड परिसर के अंदर जहां पर अस्थाई दुकान लगाने ले-आउट किया गया है वहां पर शराब दुकान संचालित है इसलिए शराब दुकान के कारण वे वहां पर अपना अस्थाई दुकान लगाने आनाकानी कर रहे हैं। आज ले-आउट के दौरान स्मार्ट सिटी की टीम सहित नगर निगम की ओर से भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, संपदा शाखा के उपायुक्त सती यादव, उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह, निगम पटवारी हरीश जैन आदि उपस्थित रहे।



पुराना बस स्टैंड परिसर में अस्थायी दुकानों का ले-आउट तैयार करते निगम व स्मार्ट सिटी की टीम।



व्यापारियों को व्यवस्थापन के लिए समझाइश देते अधिकारी।

## इमलीपारा-बस स्टैंड रोड के लिए टूटेंगी दुकानें

### हाईकोर्ट से हुआ दुकानों को तोड़ने का आदेश

हाईकोर्ट ने व्यापारियों की याचिका पर स्थगन को समाप्त करते हुए याचिका खारिज कर दी है। साथ ही इमलीपारा सड़क चौड़ीकरण के लिए व्यापारियों के कब्जे वाली 64 दुकानों को तोड़ने का आदेश भी दिया है। इमलीपारा रोड के मुहाने पर निर्मित इन दुकानों को हटाने के खिलाफ वहां के व्यापारियों की ओर से पांच याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद व्यापारियों को निगम के समक्ष 15 दिनों के अंदर आवेदन करना होगा और नगर निगम उनके व्यवस्थापन का निर्णय लेगा। इधर दुकानों के व्यवस्थापन के लिए किनारे 9.99 करोड़ की लागत से कामर्शियल काम्पलेक्स बनाने की योजना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से बनाई गई है।

### कम होगा ट्रैफिक का दबाव

पुराना बस स्टैंड की ओर से आने के लिए सत्यम चौक से अग्रसेन चौक जाना पड़ता है, जिससे इस सड़क पर ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। इसके साथ ही दोनों चौक पर ट्रैफिक का सिग्नल होने से लोगों को सिग्नल में रूकने से परेशानी होती है और अक्सर सड़क जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसलिए इमलीपारा रोड चौड़ीकरण की योजना बनाई गई है, जिसके लिए स्मार्ट सिटी से टेंडर भी हो चुका है। लेकिन कोर्ट में मामला होने के कारण संबंधित ठेकेदार को वर्क आर्डर नहीं दिया गया था।

### अलग-अलग जगह पर दी जाएंगी दुकानें

इमलीपारा सड़क चौड़ीकरण होना है, जिसके लिए वहां की दुकानों को तोड़ा जाएगा। इससे पहले व्यापारियों के व्यवस्थापन के लिए पुराना बस स्टैंड परिसर में अस्थाई रूप से दुकान लगाने जगह का ले-आउट किया गया है। व्यापारियों को अलग-अलग जगह पर करीब सौ अस्थाई दुकानें दी जाएंगी।

**- सुरेश शर्मा**
भवन अधिकारी, नगर निगम

# चौराहों के फाउंटेन बंद

## मेंटेनेंस नहीं इसलिए वाटर पंप और नोजल खराब

**बिलासपुर।** गर्मियों के सीजन में वाटर फाउंटेन चौराहों पर चार चांद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ते, लेकिन यही फाउंटेन अगर सालों से बंद हो तो सौंदर्यीकरण की ये कवायद बेकार है। दरअसल सिटी को स्मार्ट बनाने के लिए मुख्य चौराहों का सौंदर्यीकरण करने के नाम पर लगाए गए वाटर फाउंटेन अब महज शोपीस बनकर रह गए हैं। जहां मेंटेनेंस के अभाव में ये फाउंटेन समय के साथ खराब हो गए, वहीं कई जगहों पर उनमें लगे सामान भी गायब चुके हैं, जिस कारण जगह-जगह लगे फाउंटेन खूबसूरत दिखने के बजाय बदसूरत नजर आने लगे हैं। हैरानी की बात है कि फाउंटेन को लगाने के लिए नगर निगम ने करोड़ों रुपए तो बहा दिए गए, लेकिन कहीं बिजली कनेक्शन की कमी तो कहीं जलपूर्ति की कमी के कारण अब यह बेकार हो गए हैं।

**सौंदर्यीकरण के नाम पर लगाए गए वाटर फाउंटेन महज शोपीस बनकर रह गए**




### राजेंद्र नगर वाटर फाउंटेन सालों से जर्जर

शहर के राजेंद्र नगर पर लाखों रूपए खर्च कर वाटर फाउंटेन बनाया गया। इसे खूबसूरत दिखाने के लिए ऊपर में मटकी का आकर और फिर स्टेप बाई स्टेप कमल की पंखुडियों से होकर पानी गुजरने वाला फाउंटेन तैयार किया गया। देखरेख नहीं होने के कारण ये सालों से बंद है। जिससे इसकी हालत जर्जर हो गई है।



### शहीद चौक का फाउंटन बंद

शहीद चौक के पास भी लाखों रूपए खर्च कर फाउंटेन का निर्माण कराया गया है। इस चौराहे से गुजरने वालों को ये झरना सुकून देता था। लेकिन इसकी भी देखरेख नहीं हो रही है। ऐसे में ये फाउंटेन भी बंद पड़ा हुआ है। इसके अलावा यहां आसपास काफी गंदगी और कचरा भी जमा रहता है।



### नेहरू चौक के फव्वारे का पानी सड़क पर

शहर के मुख्य चौराहे नेहरू चौक को भी हाल ही में आकर्षित बनाने के लिए इसका सौदर्यीकरण किया गया है। यहां छोटे-छोटे हरेभरे पौधे लगाए गए हैं। इसे गार्डन का लूक देने के साथ ही यहां भी फव्वारा लगाया गया है। लेकिन इसे चलाने से पूरा पानी सड़क पर गिरता है, जिसकी वजह से इसे बंद कर दिया गया है।



### इंदिरा गांधी चौक का झरना भी बंद

तारबाहर स्थित इंदिरा गांधी चौक पर लगा फाउंटेंन अब उजाड़ हो गया है। कुछ साल पहले इस चौक का सौदर्यीकरण करते हुए यहां इंदिरा गांधी के स्टेच्यू के चारों ओर झरना लगाकर इसमें लाइटिंग की गई थी। लेकिन देखरेख के अभाव में ये झरना भी बंद पड़ा है। इसमें अब आसपास के पेड़ों के पत्ते पड़े हुए हैं।




### आईजी तिराहा पर लगा फाउंटेन बदरंग

आईजी तिराहा के पास सेवा वाटर लाइव फाउंटेन सालों पहले लगाया गया था। शुरू में ये देखने में काफी खूबसूरत था, लेकिन देखरेख नहीं होने की वजह से न केवल ये फाउंटेन बंद हो गया बल्कि अब ये उजाड़ और बेहद खराब दिखता है। साफ सफाई नहीं होने की वजह से और बदहाल हो गया है।




## बिजली के तारों से घिर गए महाराणा प्रताप

**बिलासपुर।** महापुरुषों की प्रतिमाएं सम्मान का प्रतीक होती हैं। अगर इन्हीं प्रतीकों को बिजली के तार से घेर दिया जाए और विज्ञापन के ढंक दिया जाए तो ये महापुरुषों का अपमान ही माना जाएगा। ऐसा ही कुछ शहर के मुख्य चौराहे पर लगे महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ हो रहा है। यहां वीर महाराणा प्रताप की विशालकाय प्रतिमा के चारों ओर बिजली के तारों का घेरा बना दिया गया है वहीं प्रतिमा के सामने विज्ञापन भी चस्पा कर दिया गया है, जिससे प्रतिमा दिखाई तक नहीं देती। इसे लेकर समाज में रोष भी है।

# खंभे में लाइन सुधारते बिजली कर्मचारी की करंट से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पुलिस ने पंचनामा और सिम्स ने पीएम में लगा दिए 6 घंटे, सिम्स में मचा हंगामा

शनिवार की सुबह 8 बजे मिनोचा कालोनी में फ्यूज काल सुधारने गए लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। लाइनमैन गौतम भोई खंबे में बिजली तार सुधार रहे थे, इसी बीच अचानक करंट आने से उन्हें करंट लग गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर विभागीय लापरवाही के अलावा पुलिस कार्रवाई को लेकर परिजन नाराज थे। वहीं सिम्स की लचर व्यवस्था के चलते मृतक का शव 6 घंटे तक मरच्यूरी में रखा गया। शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम में लेटलतीफी को लेकर परिजन ने सिम्स में जमकर हंगामा किया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मिनोचा कालोनी रिहायशी इलाका है। जहां बिजली सुधार करने गए 45 वर्षीय लाइनमैन की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब लाइनमैन गौतम भोई मिनोचा कालोनी की एलटी लाइन में सुधार कार्य कर रहे थे। इस लाइन में ट्रांसफार्मर से करंट काटा गया था लेकिन अन्य जगहों से करंट आने के कारण उन्हें बिजली का जोरदार झटका लगा और वे जमीन पर गिर पड़े, इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि लाइनमैन गौतम रात 12 बजे से सुबह 8 बजे की ड्यूटी में था और उनकी ड्यूटी खत्म हो चुकी थी, लेकिन फ्यूज कॉल में शिकायतों के अंबार के कारण उन्हें ओवर टाइम करना पड़ा था।



सिम्स में मृतक के परिजन से चर्चा करती पुलिस, इनसेट में मृतक।

### परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

नेहरू नगर जोन में कार्यरत सहायक लाइनमैन मृतक गौतम भोई के परिजन बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। परिजन का कहना है कि अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहते हैं और लाइनमैन के भरोसे सारा काम कराया जाता है, जबकि जेई और एई को लाइन बंद होने की तस्दीक करनी होती है लेकिन बिना लाइन बंद किए लाइनमैन को सुधार कार्य में लगाया जाता है। उनका कहना है कि बिजली बंद रहती तो ये घटना नहीं होती। वहीं इस मामले में बिजली विभाग के अधिकारी जांच करने की बात कह कर पल्ला झाड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि मृतक गौतम भोई को अनुकंपा नियमों के तहत नौकरी प्राप्त हुई थी, ऐसे में परिजन की मांग है कि उनके परिवार के सदस्यों को भी इसी नियम के आधार पर विभाग में नौकरी दी जाए।

### मुआवजा दिया जाएगा

लाइन बंद कर ही काम किया जा रहा था, लेकिन हादसा हो गया। इसका खेद है। मृतक के परिजन को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

**- सईद मुख्तार,** ईई
नेहरू नगर

**पिछली सरकार में अवैध रूप से चखना दुकानों ने कमाए खूब, आबकारी विभाग की मिलीभगत से नेताओं के समर्थकों ने भरे अपने जेब**

# अहाता-चखना दुकानों से साल में 21 करोड़ रुपए कमाएगा आबकारी विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आबकारी विभाग की कमाई अब और बढ़ जाएगी। शराब दुकानों के अलावा आसपास अहातों व चखना दुकानों से ही विभाग लगभग 21 करोड़ रुपए कमाएगा। इसके पूर्व आबकारी विभाग की मिलीभगत से नेताओं के समर्थकों ने चखना दुकानों की कमाई से अपनी जेबें भरी। पिछली सरकार में ये सभी अहाते और चखना दुकानें अवैध रूप से चल रही थी, जिससे चखना दुकान चलाने वाले खूब मालामाल हुए।

आबकारी विभाग ने जिले के सभी देशी व विदेशी 64 शराब दुकानों से लगे अहातों, चखना दुकानों की ऑनलाइन नीलामी की है। इससे आबकारी विभाग चखना दुकानों से ही सालभर में लगभग 21 करोड़ रुपए कमाएगा, जो सरकारी खजाने में जमा होगा। इस तरह विभाग और सरकार का खजाना भी भरेगा। क्योंकि इससे पहले चखना दुकानों के नाम पर एक रुपया भी सरकार के खजाने में नहीं जाता था। पिछली सरकार के समय आबकारी विभाग की मिलीभगत से नेताओं के समर्थकों ने अवैध रूप से शराब दुकानों के आसपास अहाता, चखना दुकान चला रहे थे। चखना दुकानों की कमाई से वे लोग सालों तक अपने जेबें भरते रहे। इसमें आबकारी विभाग के लोगों की भी ऊपरी कमाई होती रही। लेकिन प्रदेश में सरकार बदलते ही अहातों को लेकर नियमों में बदलाव किया गया है और अहातों का संचालन नीलामी के माध्यम से दिया गया है, जिससे अहाता आबकारी विभाग का रेवेन्यू जनरेट करने का बड़ा जरिया साबित होगा और पैसा सरकार के खजाना में जाएगा।


अहातों ने भरा खजाना, रायपुर में एक अहाता ऐसा, जो बिका 94 लाख में,

457 अहातों का हुआ टेंडर, 103 करोड़ की कमाई

हरिभूमि में 11 मई को प्रकाशित खबर।

### दो दिनों में जमा करनी होगी जमानत राशि

नीलामी प्रक्रिया के दौरान जिन-जिन लोगों ने अहातों, चखना दुकानों के सर्वाधिक बोली लगाई है उन्हें अहाता आबंटित किया जाएगा। इसके लिए उन लोगों को दो दिनों के भीतर निविदा की 3 फीसदी जमानत राशि जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में अर्नेस्ट मनी जमा नहीं करने पर उसके बाद की सर्वाधिक बोली लगाने वाले निविदादाता को अवसर दिया जाएगा।

### निविदा सर्वाधिक बोली के आधार पर

देशी-विदेशी शराब दुकानों से संलग्न अहातों की निविदा सर्वाधिक बोली के आधार पर हुई है। निविदादाता को तीन प्रतिशत जमानत राशि दो दिनों के भीतर जमा करनी है। निर्धारित अवधि में अर्नेस्ट मनी जमा नहीं करने पर उसके बाद वाले निविदादाता को अवसर दिया जाएगा।

**- दिनकर वासनिक**
सहायक आयुक्त, आबकारी

### 70 लाख में बिका चकना दुकान

आबकारी विभाग की ओर से जिले की शराब दुकानों के अहातों की नीलामी की गई है, जिसमें सबसे अधिक 70 लाख रुपए में तोरवा और 60-60 लाख रुपए में चांटीडीह व व्यापार विहार का अहाता बिका है। व्यापार विहार की देशी शराब दुकान का अहाता निर्धारित दर से चार गुना अधिक 40 लाख में और विदेशी शराब दुकान निर्धारित दर से तीन गुना से अधिक 60 लाख रुपए में बिका, जबकि चांटीडीह के देशी शराब दुकान का अहाता 60 लाख रुपए तथा पुराना बस स्टैंड स्थित देशी शराब दुकान से संलग्न अहाता 50 लाख व विदेशी मदिरा दुकान से लगे अहाते की 50 लाख रुपए में नीलामी हुई है। वसुंधरानगर की देशी शराब दुकान का अहाता जिसकी कीमत 11 लाख 38 हजार थी, वह 50 लाख रुपए और विदेशी दुकान का अहाता 17 लाख 27 हजार रुपए निर्धारित था जो 45 लाख रुपए में नीलाम हुआ है। लिंकरोड की देशी शराब दुकान का अहाता 20 लाख रुपए और विदेशी अहाता 40 लाख 96 हजार रुपए में बिका। इसी प्रकार मंगला बस्ती की देशी शराब दुकान का अहाता 40 लाख व विदेशी शराब दुकान का अहाता 17 लाख रुपए में नीलाम हुआ है। सरकंडा एरिया की देशी शराब दुकान का अहाता 35 लाख एवं विदेशी अहाता 38 लाख रुपए तक गई है। कोनी स्थित देशी मदिरा दुकान से संलग्न अहाता भी 30 लाख रुपए में नीलाम हुआ है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शराब दुकानों से लगे हुए अहातों में बेलगहना शराब दुकान का अहाता 50 लाख रुपए में और मल्हार के देशी शराब दुकान का अहाता 50 लाख रुपए व विदेशी दुकान का अहाता 15 लाख में गया है। इसी तरह कोटा के देशी शराब दुकान का अहाता 40 लाख में और विदेशी दुकान का अहाता 20 लाख रुपए में नीलामी हुई।

# जहां मां है वहीं स्वर्ग है

Happy Mother's Day




"किसी ने हमसे पूछा स्वर्ग कहां है, हमने मुस्कुराते हुए कहा, जिसके घर में मां है वो जगह स्वर्ग है। "मां के प्यार से ज्यादा कुछ नहीं अनमोल होता है।" पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। मातृ दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है। हर जगह मातृ दिवस मनाने का तरीका अलग-अलग होता है, लेकिन इसका उद्देश्य एक ही होता है। एक शिशु का जब जन्म होता है, तो उसका पहला रिश्ता मां से होता है। एक मां शिशु को पूरे 9 माह अपनी कोख में रखने के बाद असहनीय पीड़ा सहते हुए उसे जन्म देती है और इस दुनिया में लाती है। इन नौ महीनों में शिशु और मां के बीच एक अदृश्य प्यार भरा गहरा रिश्ता बन जाता है। यह रिश्ता शिशु के जन्म के बाद साकार होता है और जीवनपर्यंत बना रहता है। मां और बच्चे का रिश्ता इतना प्रगाढ़ और प्रेम से भरा होता है, कि बच्चे को जरा ही तकलीफ होने पर भी मां बेचैन हो उठती है। वहीं तकलीफ के समय बच्चा भी मां को ही याद करता है। मां का दुलार और प्यार भरी पुचकार ही बच्चे के लिए दवा का कार्य करती है। इसलिए ही ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है। दुनिया का कोई भी रिश्ता इतना मर्मस्पर्शी नहीं हो सकता।

धरती पर मौजूद प्रत्येक इंसान का अस्तित्व, मां के कारण ही है। मां के जन्म देने पर ही मनुष्य धरती पर आता है और मां के स्नेह दुलार और संस्कारों में मानवता का गुण सीखता है। हमारे हर विचार और भाव के पीछे मां द्वारा रोपित किए गए संस्कार के बीज हैं, जिनकी बदौलत हम एक अच्छे इंसान की श्रेणी में आते हैं। इसीलिए मातृ दिवस को मनाना और भी आवश्यक हो जाता है। हम अपने व्यस्त जीवन में यदि हर दिन न सही तो कम से कम साल में एक बार मां के प्रति पूर्ण समर्पित होकर इस दिन को उत्सव की तरह मना सकते हैं।




























हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 12 मई 2024



## विप्रजनों में दिखा भारी उत्साह, रास्ते भर हुआ स्वागत

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर झांकी के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को शीतला माता मंदिर दयालबंद से समग्र ब्राम्हण समाज एवं परशु सेना द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान परशुराम सहित सजाई गई अन्य झांकियां आकर्षण की केंद्र रही। रास्ते भर शोभायात्रा का फल, मठा, प्रसाद वितरित कर स्वागत किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य बनाने विप्रजनों ने व्यापक तैयारियां की थी। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन किया गया। इसके अंतिम दिन बाजे-गाजे, कर्मा पार्टी एवं भव्य झांकी के साथ शीतला मंदिर दयालबंद से शोभायात्रा निकाली गई जो कि गांधी चौक, जूना बिलासपुर, गोल बाज़ार, सदर बाज़ार, सिम्स चौक होते हुए पं. देवकीनंदन दीक्षित स्कूल प्रांगण में समाप्त हुई। यहां एक धर्मसभा आयोजित की गई। इसमें शांतिकुटी आश्रम से आचार्य श्री रामभूषण महाराज ने अपना उदबोधन दिया। इसके बाद आयोजित भजन संध्या में ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। अंत में विप्र समाज के मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत, वरिष्ठ विप्रजनों, प्रतिभाशाली युवाओं एवं समाज की गौरवशाली विभूतियों का सम्मान किया गया।



### झांकियां रही दर्शनीय

शोभायात्रा में परशुराम भगवान सहित श्रीराम, अंजनी पुत्र हनुमान, मां काली, राधा-कृष्ण, मशाने होली समेत अन्य विभिन्न प्रकार की झांकियां दर्शनीय रही। रास्ते भर इन झांकियों का श्रद्धालुओं ने दर्शन, पूजन कर आरती उतारी। फूल बरसा कर स्वागत किया।

### ब्राम्हण बहनों ने किया स्वागत

शोभायात्रा का रास्ते में ब्राम्हण बहनों सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं ने अपने स्वागत द्वार एवं बैनर लगाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की ओर से गोल बाजार चौक में बैनर के साथ मठे का वितरण किया गया। इस कार्य में संगठन की अध्यक्ष अर्चना तिवारी, मीनू दुबे, शशि प्रभा पांडेय, लता, संगीता शर्मा, नंदिनी, शशि तिवारी, साधना, अर्चना शुक्ला, माया बाजपेई, शारदा तिवारी, संजना मिश्रा, पुष्पा शुक्ला, प्रेमलता का सहयोग रहा। सभी बहनें विशेष ड्रेस कोड पीले कलर की साड़ी में रहीं।

**151 किलो मिष्ठान के लगाए गए भोग :** गोल बाजार चौक में महाआरती कर 151 किलो मिष्ठान के भोग लगाए गए। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, भाजपा बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पंजाब बैंड, डमरू दल रहा आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में विशेष रूप से पंजाब का बैंड, सागर का प्रसिद्ध डमरू दल और उड़ीसा का घंटा बाजा आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा छ.ग. की स्थानीय कर्मा एवं पंथी नृत्य दल ने शोभायात्रा की अगुवाई की। शोभायात्रा में पहली बार मुंबई कार्निवाल को शामिल किया गया था, जिसे धार्मिक रूप में प्रस्तुत किया गया।



### गंगा आरती की तर्ज पर की गई महाआरती

ब्राह्मण युवा आयाम छ.ग ने श्यामा टेंट हाउस के सामने भगवान परशुराम की महाआरती कर भंडारा किया। आयाम के अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि पुरोहितों द्वारा 51 दीयों के 3 सेट में भव्य महाआरती गंगा आरती की तर्ज पर की गई। मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने पूजा पाठ कर आरती की और भंडारा प्रसाद वितरण में सेवा कार्य भी किए। महाआरती में डॉ प्रदीप शुक्ला, ज्योतिन्द्र उपाध्याय, अनिल तिवारी, डॉ प्रफुल्ल शर्मा, डॉ विवेक बाजपेई, हरीश शर्मा, रविन्द्र उपाध्याय, सत्येंद्र शर्मा, अनिल गौरहा, रतिन्द्र उपाध्याय, अंकित गौरहा जिला पंचायत सभापति, प्रशांत मिश्रा, अशोक तिवारी, विनोद शर्मा, चंद्रभूषण शुक्ला, शिवकुमार तिवारी, जग्गू शास्त्री, ईश्वर तिवारी, अंचल, आयुष, कमलेश दुबे, पीयूष गौरहा, आकाश तिवारी, मानस मिश्रा, शुभम पाठक, ऋषभ शर्मा, हरिशंकर तिवारी, आशुतोष मिश्रा, हर्ष तिवारी, अभिषेक चौबे, गुड्डा मिश्रा, अंकित राज तिवारी, हेमंत शर्मा, अभिजीत बाबू पाण्डेय, दिशु दुबे, गौरव, शान्तनु पाण्डेय, दीपक तिवारी, सार्थक उपाध्याय, सुयश, अभ्युदय तिवारी, राकेश गौरहा, आदित्य मिश्रा, विकास सिंह, क्षितिज, महिला विंग से सश्मिता शर्मा, रजनी शुक्ला, मुक्ता उपाध्याय, रश्मि पाण्डेय, श्वेता शास्त्री, स्वाति उपाध्याय, रंजीता मिश्रा, उपासना दुबे, काव्या दुबे, भाव्या शुक्ला, रिमझिम दुबे, अल्का, अनिता तिवारी, अंशु अंचल दुबे, किरण बाला पाण्डेय, अचला तिवारी, शशि द्विवेदी, सरिता तिवारी आदि विप्रजन उपस्थित रहे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विवेक वाजपेयी, भाजपा नेता पंकज तिवारी, गुड्डा पाण्डेय, रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, आदर्श दुबे, आशुतोष तिवारी, अंशुमान शर्मा, आशु पाण्डेय, सत्यशिव तिवारी, संध्या तिवारी, अरविंद दीक्षित, चंद्रप्रकाश वाजपेयी, जितेंद्र चौबे, टूटू मिश्रा, मनीष शर्मा, अमित शुक्ला, विवेक दुबे, ऋषभ शर्मा, मोहित मिश्रा, ऋषभ चतुर्वेदी, महर्षि बाजपेयी, श्याम मोहन दुबे, प्रीति दुबे, मुकेश, शुभम मिश्रा समेत बड़ी संख्या में समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

## शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत, की जमकर आतिशबाजी



छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा का संतोष भवन चौक पर स्वागत किया। सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए विगत कई दिनों से तैयारी चल रही थी शोभायात्रा के संतोष भवन चौक पहुंचने पर शानदार आतिशबाजी करते हुए पुष्पवर्षा की गई। छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी द्वारा शोभायात्रा में शामिल विप्रजनों को आइसक्रीम वितरण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज प्रदेश महासचिव स्वप्निल शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, आदित्य वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रचूड त्रिपाठी, छग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मुकुल तिवारी, सुनील शुक्ला, संजीव तिवारी, आशीष शुक्ला, विनय दीक्षित, प्रशांत त्रिपाठी, उत्कर्ष दुबे ,अमन शुक्ला, रेखा पांडेय, राजश्री मिश्रा, शोभा मिश्रा, सरला शर्मा, उषा पांडे, रश्मि शुक्ला , पिंकी तिवारी, सीमा तिवारी, लता शर्मा, सरिता तिवारी, मीरा दुबे, प्रमिला, सुलेखा शर्मा, स्वर्णा शुक्ला, सुनीता पांडेय, सुनीता शर्मा, हेमलता तिवारी, प्रवीण शर्मा, पुरुषोत्तम दुबे, स्नेहिल शुक्ला, श्रीवांस, सुमित शुक्ला, गोपाल पाण्डेय, राहुल मिश्रा, आस नारायण पाण्डेय, गुरुदेव पाण्डेय, अमित वर्मा, अपोलो मिश्रा, मानस राठौर, आयुष यादव, राकेश ठाकुर, सुमित श्रीवास, हर्ष मिश्रा आदि शामिल थे। इनके अलावा रेखा पांडेय, राजश्री मिश्रा, सोभा मिश्रा, सरला शर्मा, उषा पांडे, रश्मि शुक्ला, पिंकी तिवारी, सीमा तिवारी, लता शर्मा, सरिता तिवारी, मीरा डूबे, प्रमिला, सुलेखा शर्मा, स्वर्णा शुक्ला, सुनीता पांडेय, सुनीता शर्मा, हेमलता तिवारी, गोपाल दुबे, विवेक शर्मा, आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।







### टीम त्रिलोक व सर्वसेन समाज ने किया शोभायात्रा का स्वागत

भगवान परशुराम की शोभायात्रा 11 मई को निकाली गई। इसका टीम त्रिलोक श्रीवास एवं सर्वसेन समाज छग ने ऐतिहासिक स्वागत किया। 2 क्विंटल गेंदे के फूल से पुष्प वर्षा की गई। सिटी कोतवाली चौक के पास आतिशबाजी पुष्प वर्षा जल एवं शरबत वितरण किया। दो क्विंटल से ज्यादा गेंदे के फूल से पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि उनके टीम एवं सर्वसेन समाज द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत, वंदन, अभिनंदन एवं सभी माता बहनों का स्वागत कर वे स्वयं एवं उनके टीम के लोग अभिभूत हैं। इस अवसर पर पं नवल किशोर शर्मा, सुरेश चंद्र गौतम, पं सुरेश तिवारी, पं संजय तिवारी, मोहन जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, पं जागेश्वर तिवारी, पं गोपाल मिश्रा, पं जितेंद्र शर्मा, राजू शरद शुक्ला, थानेश्वर सिंह, अनीश शर्मा, बाबा पांडे आदि शामिल थे।





शोभायात्रा में भाजपा नेता पंकज तिवारी, गुड्डा पाण्डेय, रोहित मिश्रा,आशीष तिवारी, अमित शुक्ला,ऋषभ चतुर्वेदी, महर्षि बाजपेयी, मुकेश मिश्र, मोहित मिश्रा, शुभम मिश्रा आदि शामिल हुए।



वन्दे मातरम मित्र मंडल ने गांधी चौक पर भगवान परशुराम जयंती शोभा यात्रा का लस्सी पिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मित्र मंडल के संयोजक महेन्द्र जैन , अरविंद गर्ग एस एन तिवारी डॉ गायत्री प्रसाद पांडेय डॉ आर ए शर्मा डॉ विद्याराम किशनानी राजीवनयन शर्मा प्रफुल्ल मिश्रा नवीन दुवे राजेश अग्रवाल पी पी सोनी शैलेंद्र तिवारी राजेश जायसवाल पार्थो मुखर्जी यतींद्र नाथ मिश्रा सौरभ दुबे श्याम भाई पटेल पूर्णिमा पिल्ले राजाराम राय दिनेश जैन प्रवीण मिश्र शिव कुमार वर्मा संजय तिवारी राजेंद्र रूंगटा एस एन राव किशोर दयालानी अशोक ठाकुरआदि ने स्वागत किया।



शोभायात्रा के दौरान पंडित विनय शर्मा, पंडित प्रशांत मिश्रा एवं पंडित शैलेश उपाध्याय उपस्थित रहे।



राजपूत समाज के लोगों ने परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ब्राह्मण समाज के लोगों को कुल्फी, एवं जलपान करा कर जयंती की बधाई दी। स्वागत कार्यक्रम में राजपूत समाज केरजनीश सिंह,अरुण सिंह चौहान, आलोक सिंह, राजेश बिसेन, आदित्य सिंह, टूकेश सिंह,रविंद्र सिंह, बाटू सिंह, जय प्रकाश सिंह,प्रियंक परिहार ,नंदभान सिंह, विनोद सिंह, विक्रम सिंह, प्रकाश सिंह, कृष्णा सिंह, श्रीयंक सिंह, प्रदीप सिंह, धनंजय सिंह, कल्याण सिंह, अतुल सिंह, रौशन सिंह, कोमल ठाकुर, सत्येंद्र सिंह, राजा सिंह, सोनल सिंह, करण सिंह, मयंक सिंह, विकास सिंह, ऋषि सिंह एवं सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज बिलासपुर के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई अफसरों ने जाना साइबर क्राइम व इससे बचने के उपाय



**बिलासपुर।** प्रार्थना सभा भवन में 11 मई को एसबीआई के प्रशासनिक कार्यालय द्वारा साइबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें साइबर क्राइम के प्रमुख प्रभाकर तिवारी ने अफसरों को साइबर अपराध व इससे बचने का तरीका बताया। उन्होंने सतर्कता बरतने की सलाह दी। उनके साथ सतीश का विशेष योगदान रहा। जिसका वहां मौजूद एसबीआई अफसरों व कर्मचारियों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक श्याम बाजपेयी, योगेन्द्र यादव, चीफ सिक्यूरिटी अफसर कलेक्टोरेट शाखा प्रसन्ना त्रिवेदी, अनिकेत झा, योगेश तिवारी, एमएस राव, श्रुति पांडे, श्री देवांगन आदि मौजूद थे।

### माहेश्वरी समाज की सखियों ने पक्षियों के लिए शुरू किया दाना-पानी प्रोजेक्ट



**बिलासपुर।** गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत देने के लिए माहेश्वरी समाज की सखियों द्वारा 10 दिवसीय दाना-पानी प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसके तहत पक्षियों को अपनी छत या बगीचे में दाना पानी दिया जाएगा। यह प्रदेश का पहला प्रोजेक्ट था। सभी सखियों ने इसमें भागीदारी निभायी। समाज की श्रीमती किरण माहेश्वरी ने बताया कि मौसम को देखते हुए पक्षियों की सेवा का ये कार्य महादान की तरह है। अक्षय तृतीया पर ये कार्य किरण महेश्वरी, अंजना, विनिता, ममता, सरोज, नीता, रेखा, सरिता, ज्योति, नीलम सभी सखियों ने प्रारंभ कर इसमें भागीदारी निभाई। अभियान को लेकर समाज के लोगों में काफी जागरुकता आई है। महेश्वरी समाज के लोग अब अपने घर की छतों व बगीचे में पक्षियों के लिए खाने के लिए दाना व पीने के लिए पानी उपलब्ध कराएंगे। इसका उद्देश्य पक्षियों को इस भीषण गर्मी में दाना-पानी के लिए भटकना न पड़े।

### सेवा कार्य के लिए स्काउट्स गाइड्स रोवर्स रेंजर्स सम्मानित



**बिलासपुर।** भारत स्काउट गाइड द्वारा प्याऊ घर के माध्यम से जल सेवा कार्य में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स तथा संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बिलासपुर जिले में 8 स्थानों पर प्याऊ घर लगाए गए थे। शहर के नेहरू चौक कलेक्टोरेट के सामने अरपा कम्युनिटी रेडियो 90.8 बिलासपुर तथा महामाया चौक में जिला संपर्क प्रमुख बनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से प्याऊ घर का संचालन किया गया। शुक्रवार 10 मई को सेजेस लाला लाजपतराय उमावि खपरगंज के कार्यक्रम में प्याऊ घर में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव, संज्ञा टण्डन अरपा कम्युनिटी 90.8, अनीश, बनवासी कल्याण आश्रम के राजीव प्रसाद ध्रुव, बिल्हा बीईओ सुनीता ध्रुव ने सामाजिक सरोकार की सराहना की। राज्य संगठन आयुक्त स्काउट सीएल चंद्राकर, प्राचार्य भूपेन्द्र शर्मा ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में विजय यादव, बीना यादव, सुश्री लता यादव, राजेन्द्र कौशिक, शत्रुहन सूर्यवंशी, रत्ना कश्यप, सरला दुबे, किरण बाला पाण्डे, रश्मि तिवारी, पूनम सिंह, सुनीता यादव, पार्वती कौशिक, संतोष त्रिपाठी, महेन्द्र बाबू टंडन, शशांक विश्वकर्मा, निखिल सिंह, रागिनी चौधरी, सुश्री निधि कश्यप, सुश्री कौशिल्या साहू आदि मौजूद थे।

### सेजेस स्कूल मंगला की सुरभि को 12 वीं में 78 प्रतिशत



बिलासपुर। सेजेस स्कूल मंगला की छात्रा सुरभि बिनकर ने कक्षा 12वीं में 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता एवं स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल के शिक्षकों ने सुरभि के सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एलायंस कंपनी एमओयू का नहीं कर रही पालनः संघर्ष समिति

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर में फ्लाइट बंद होने के लिए राज्य सरकार और अलायन्स एयर को जिम्मेदार ठहराया। समिति के सदस्यों का कहना है कि राज्य सरकार जरूरत से ज्यादा एयरलाइन्स कंपनी पर भरोसा कर रही है, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। समिति ने कहा कि जबलपुर और प्रयागराज होकर दिल्ली जाने और वापसी के रूट पर पर्याप्त यात्री मिलते हुए भी बिलासपुर- दिल्ली वाया जबलपुर और प्रयागराज फ्लाइट बंद कर दी गई, इन मार्गों हर माह 50 फीसदी से अधिक यात्री मिलते रहे हैं। इस आंकड़े के आधार पर इन उड़ानों का बंद किया जाना सरासर अन्याय है। एमओयू के अनुसार केवल मंगलवार और गुरुवार ही दिल्ली की उड़ान उपलब्ध है जबकि पहले सातो दिन बिलासपुर दिल्ली के बीच फ्लाइट उपलब्ध थी। कायदे से सप्ताह में 7 दिन उड़ान उपलब्ध होनी चाहिए। इसमें से तीन दिन दिल्ली सीधी उड़ान और बाकी चार दिन वाया रुट से फ्लाइट दी जा सकती है। राज्य सरकार ने एयरलाइन्स एयर से एमओयू भी इसी शर्त पर किया है, लेकिन फिर भी बिलासपुर को इतनी कम फ्लाइट दी जा रही है। राज्य की सरकार सब्सिडी दे रही है तो उसे अपनी बात अलायन्स एयर कंपनी से मनवानी चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार की सरकारी कंपनी होने के कारण राज्य सरकार कंपनी को कुछ भी कहने से पीछे हट रही है। समिति ने सब्सिडी के लिए ओपन टेंडर कर अन्य एयरलाइन कंपनियों को बुलाने की मांग की, जिससे बिलासपुर और राज्य को बेहतर हवाई सुविधा मिल सके। महा धरना में बद्री यादव, डॉ. प्रदीप रही, नवीन तिवारी, केशव गोरख, महेश दुबे, राकेश शर्मा, संतोष पीपलवा, अनुराग पांडेय मौजूद रहे।

**शिक्षा का स्तर :** सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा सुधारने कई प्रयास फिर भी 36 प्रतिशत छात्र नहीं हो पाए पास

# 100 करोड़ खर्च और नतीजा शून्यः जिले के 34 स्वामी आत्मानंद स्कूल से एक भी छात्र का नाम मेरिट में नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**छग** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित किया है। इस बार आए परिणाम में जिले के 2 निजी स्कूलों की एक-एक छात्रा और एक सरकारी स्कूल की एक छात्रा ने मेरिट की टॉप-10 सूची में अपना नाम दर्ज कर जिला का मान बढ़ाया है। वहीं जिले का ये दुर्भाग्य भी है कि सरकारी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में से एक भी स्टूडेंट ने मेरिट में जगह नहीं बनाई है। 34 सरकारी हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बनाकर संसाधन और सुविधाएं जुटाई गई हैं। यही नहीं, इन स्कूलों में शिक्षकों का वेतन, फर्नीचर, अलमारी, ड्रेस सहित कक्षाओं के निर्माण में लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं, ताकि बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल मिले और रिजल्ट में सुधार हो, पर ऐसा नहीं हुआ और नतीजा शून्य निकला।

34 में से एक भी स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चे टॉप-टेन की श्रेणी में नहीं खड़ा हो पाया है, जिससे जिले का ओहदा बढ़े। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग को जिम्मेदारी लेनी होगी, क्योंकि स्कूलों का रंग-रोगन, बच्चों का ड्रेस कोड बदलने सिर्फ से पढ़ाई का स्तर नहीं सुधारा जा सकता है। इधर ओवरऑल रिजल्ट को देखें तो इसमें भी 10 में 63.28 प्रतिशत बच्चे पास हुए वहीं 36.72 प्रतिशत फेल हो गए हैं। इसी तरह 12 वीं में 66.97 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं जबकि 33.03 प्रतिशत बच्चे फेल हो गए हैं।




### सरकारी स्कूलों की पढ़ाई पर उठ रहे सवाल

सरकारी स्कूलों की दशा और दिशा सुधारने शासन तरह-तरह के प्रयास कर रहा है। कई स्कूलों का उन्नयन कर उसे सीएम राइजिंग स्कूल, पीएम श्री स्कूल सहित मॉर्डन टेक्नॉलाजी से परिपूर्ण कर रहा है। जिले के कई सरकारी स्कूलों से पुराने ब्लैक बोर्ड हटाकर वहां डिजीटल स्क्रीन बोर्ड और मॉर्डन टेक्नॉलाजी से प्रोजेक्टर्स के माध्यम से भी पढ़ाई कराने सामानों की सप्लाई की गई है। शिक्षकों को समय-समय पर ट्रेनिंग देने भी लाखों रूपए खर्च किए गए हैं, इसके बाद भी सरकारी स्कूलों का रिजल्ट अपेक्षा से कम ही आया है। ऐसे में अब सरकारी स्कूलों की पढ़ाई पर भी सवालिया निशान लग रहा है।

### रिजल्ट में सुधार के लिए बनाएंगे बेहतर योजना

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष केवल 2 प्रतिशत ही रिजल्ट बढ़ पाया है। ऐसे में 33 से 35 प्रतिशत बच्चे फेल हो गए हैं। आत्मानंद के बच्चे भी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाए। ऐसे में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एक बेहतर योजना बनाकर अगली बार प्रयास करेंगे ताकि रिजल्ट बेहतर हो सके। समीक्षा के लिए प्राचार्यों की बैठक लेंगे। लेक्चर्स से सुझाव मांगा जाएगा ताकि पढ़ाई का स्तर सुधर सके।

- टीआर साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर।

### 10 वीं बोर्ड का परिणाम

पंजीकृत बच्चे 11199 छात्र 23885 छात्राएं
परीक्षा में बैठे 10865 छात्र 12484 छात्राएं
परिणाम 10861 छात्र 12478 छात्राएं
प्रथम श्रेणी 2179 छात्र 3536 छात्राएं
द्वितीय श्रेणी 3380 छात्र 4332 छात्राएं
तृतीय श्रेणी 718 छात्र 624 छात्राएं
पूरक आए 656 छात्र 798 छात्राएं
फेल हुए 3928 छात्र 3188 छात्राएं
कुल पास हुए 6277 छात्र 8492 छात्राएं

### 12 वीं बोर्ड का परिणाम

पंजीकृत बच्चे 8812 छात्र 10427 छात्राएं
परीक्षा में बैठे 8665 छात्र 10338 छात्राएं
परिणाम जारी 8662 छात्र 10337 छात्राएं
प्रथम श्रेणी 1562 छात्र 2679 छात्राएं
द्वितीय श्रेणी 3127 छात्र 4205 छात्राएं
तृतीय श्रेणी 671 छात्र 479 छात्राएं
पूरक आए 1080 छात्र 1215 छात्राएं
फेल हुए 2221 छात्र 1759 छात्राएं
कुल पास हुए 5361 छात्र 7363 छात्राएं

### विषयवार परिणाम

कला में पास 1984 छात्र 2825 छात्राएं
विज्ञान में पास 1979 छात्र 3199 छात्राएं
कामर्स में पास 1181 छात्र 1185 छात्राएं
कृषि में पास 210 छात्र 140 छात्राएं
ललित कला में 7 छात्र 1 छात्रा
गृह विज्ञान में पास 00 छात्र 13 छात्राएं

## बिलासपुर के 66.97% ने उत्तीर्ण की हायर सेकंडरी परीक्षा, हाईस्कूल में 63.28% पास

बारहवीं कक्षा में इस बार सबसे खराब प्रदर्शन जांजगीर का रहा है। इससे भी चौंकाने वाली बात यह है कि खराब नतीजों की श्रेणी में दूसरे स्थान पर बिलासपुर रहा है। ना सिर्फ बारहवीं कक्षा बल्कि दसवीं में भी बिलासपुर का प्रदर्शन खराब रहा है।

- **सबसे फिसड्डी जांजगीर-चांपा, दूसरे नंबर पर बिलासपुर, राजधानी औसत, टॉप पर जशपुर**

दसवीं कक्षा में फिसड्डी जिलों की सूची में बिलासपुर तीसरे पायदान पर रहा है। यदि दसवीं-बारहवीं दोनों के ही परिणाम मिलाकर औसत प्रदर्शन देखा जाए तो सबसे कमजोर जांजगीर-चांपा रहा है। इसके बाद दूसरे स्थान पर बिलासपुर है। कोचिंग सेंटर से लेकर अन्य तमाम सुविधाएं होने के बाद भी यहां के छात्रों के कमजोर प्रदर्शन से शिक्षाविद हैरान हैं। प्रदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन जशपुर का रहा है। यह प्रदेश का एकलौता जिला है, जहां दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 95% से अधिक रहा है। 10वीं में जहां जशपुर के 96.49% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं तो वहीं बारहवीं में यहां के 96.10% छात्र



उत्तीर्ण रहे हैं। शेष छात्रों में से आधे पूरक श्रेणी में हैं। अर्थात इस जिले में फेल होने वाले छात्रों की संख्या अत्यधिक कम है। प्रावीण्य सूची में भी इस जिले के कई छात्रों ने जगह बनाई है। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को दसवीं-बारहवीं के परिणामों की घोषणा की गई है।

### कक्षा-दसवीं : गौरेला-पेंड्रा-मरवाही सबसे नीचे

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के छात्रों ने दसवीं में सबसे कमजोर प्रदर्शन किया है। यहां सिर्फ 61.46% छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। इसके बाद जांजगीर-चांपा में 61.89% बिलासपुर में 63.28% तथा बेमेतरा में 64.80% उत्तीर्ण रहे हैं। सुकमा, एमएमएसी अर्थात मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कांकेर भी उन जिलों में हैं, जहां 90 प्रतिशत से अधिक छात्र सफल रहे हैं।

### 10वीं-12वीं के नतीजे

| जिला | दसवीं | बारहवीं |
|---|---|---|
| जीपीएम | 61.46% | 72.63% |
| जांजगीर-चांपा | 61.89% | 63.28% |
| बिलासपुर | 63.28% | 66.97% |
| बेमेतरा | 64.80% | 78.56% |
| बलौदाबाजार | 68.79% | 76.87% |
| मुंगेली | 68.82% | 78.61% |
| सारंगढ़ | 68.82% | 70.49% |
| सक्ति | 70.94% | 72.19% |
| रायपुर | 71.64% | 83.19% |
| केसीजी | 72% | 81.85% |
| कोरबा | 74.38% | 79.22% |
| एमसीबी | 74.99% | 77.73% |
| कबीरधाम | 75.92% | 82.33% |
| रायगढ़ | 76.10% | 80.03% |
| राजनांदगांव | 76.76% | 83.57% |
| दुर्ग | 76.86% | 83.40% |
| बलरामपुर | 78.35% | 81.51% |
| गरियाबंद | 78.80% | 82.38% |
| सूरजपुर | 79.47% | 79.66% |
| कोंडागांव | 81.08% | 80.75% |
| धमतरी | 81.15% | 87.55% |
| बालोद | 81.85% | 91.17% |
| बीजापुर | 82.09% | 80.92% |
| महासमुंद | 84.17% | 91.61% |
| कोरिया | 84.25% | 87.27% |
| दंतेवाड़ा | 85.13% | 83.99% |
| सरगुजा | 86.02% | 84.83% |
| बस्तर- | 86.89% | 86.03% |
| नारायणपुर | 87.22% | 80.59% |
| सुकमा | 90.61% | 86.85% |
| एमएमएसी | 91.97% | 91.40% |
| कांकेर | 92.44% | 92.08% |
| जशपुर | 96.49% | 96.10% |

# देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में औपचारिक अनौपचारिक शिक्षा का समावेश : प्रो. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डा. सीवी रमन विवि में रिवाइटलाइजिंग एजुकेशन थ्रू भारतीय ज्ञान ए कंटेंपरेरी प्रस्पेक्टिव विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के वक्ताओं ने विचार मंथन किया।

- **मॉरीशस नेपाल स्वीडन सहित भारत के विषय विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार**

यह आयोजन शिक्षा विभाग, काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन फाऊंडेशन एवं आइक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा छग शासन के विशेष कर्तव्य निष्ठ अधिकारी एवं अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के पूर्व कुल सचिव डा. सुधीर शर्मा ने कहा कि शिक्षा दो तरह की होती है। एक औपचारिक और दूसरी अनौपचारिक शिक्षा। जिसमें कुछ भी पहले से तय नहीं होता। हम कहीं भी, कहीं पर कुछ भी सीख सकते हैं।



### आज सहानुभूति की नहीं परानभूति की जरूरत : घनश्याम

प्रो. जीएस घनश्याम सदस्य सचिव नोडल टास्क फोर्स एनईपी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति जो भारतीयता पर केंद्रित है, हमें उसके अनुरूप कार्य करना है। उन्होंने कहा कि भाषा के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण को प्रेरित करना है। हमें अनुभावात्मक शिक्षा देना है, ताकि विद्यार्थी अनुभवी हो। आज सहानुभूति की नहीं परानभूति की जरूरत है।

औपचारिक शिक्षा में सब बातें शिक्षा का तरीका, शिक्षक, समय, सब्जेक्ट निर्धारित होता है। जब तक औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा दोनों को ग्रहण नहीं करता। तब तक उसके व्यक्तित्व का समग्र और पूर्ण विकास नहीं होता।

यदि इन दोनों में से एक बातें नहीं है या कम है, तो व्यक्ति का समग्र विकास नहीं होता। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा दोनों को शामिल है। उन्होंने कहा कि हर विषय महत्वपूर्ण होता है जिस तरह जीवन में हर सांस महत्वपूर्ण होती है।

### भारतीय ज्ञान को दुनिया के सामने रखना हैः कुलपति

कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। इस दृष्टिकोण और पूर्णता के लिए हमारी भारतीय संस्कृति वैदिक काल और सनातन काल से चली आ रही है। हमें अपने भारतीय ज्ञान को दुनिया के सामने रखना है।

### इन्होंने भी रखे अपने विचार

दो दिवसीय कान्फ्रेंस में सीयू के प्रो बुद्ध सिंह, डॉ ज्योति गुप्ता, प्रो. श्रवण कुमार लखनऊ, डॉ सुरेश पांडे स्वीडन, डॉ सुरेश कुमार साहनी नेपाल, राधा मोहन नूंको मॉरीशस, डा. प्रिंस कुमार मिश्रा कटघोरा, अदिति ने अपने विचार रखे।

### भारत अपनी भूमिका अदा करेगी : शुक्ला

विवि के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत <\@>2024 में शिक्षा का दायित्व बहुत बड़ा है। पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था विकसित भारत 2047 में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। उन्होंने बताया कि आज हम भारतीय ज्ञान परंपरा, आधुनिक टेक्नोलॉजी और खेल के साथ और सभी क्षेत्रों में तेजी से काम कर रहे हैं। वहीं विवि की सम कुलपति डा. जयती चटर्जी ने कहा कि हम वर्तमान समय में आधुनिक युग में भटक चुके हैं। हमें समृद्ध भारत में वापस जाने के लिए आज भारतीय जीवन शैली को, भारतीय ज्ञान परंपरा को और भारतीय मान्यताओं को स्वीकार करना होगा। आज ज्ञान आसानी से आ जाता है, लेकिन विवेक नहीं आता। ज्ञानी लोग भी अविवेकपूर्ण कार्य करते हैं। सभा को डॉ जयशंकर यादव एवं डॉ रितेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डा. कृष्ण कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी मौजूद थे।

## एवीएम सैनिक स्कूल के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति, समापन आज

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम वारियर करियर फेस्ट का दूसरा दिन 11 मई उत्साह से परिपूर्ण रहा। मंच पर अद्वितीय प्रतिभाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने योगा की शानदार प्रस्तुति दी। जिसने सभी स्वस्थ जीवन जीने और योग करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का आकर्षण फील द रिदम प्रोग्राम बना, जिसमें सत्यम भारती के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बकेट से ड्रम बजाना सिखा और जनता से जुगलबंदी के साथ एक अनोखी प्रस्तुति दी। इस कला के लिए किसी भी प्रकार के महंगे या दुर्लभ वाद्यो की आवश्यकता नहीं होती है। इसमें हम घरों में पाए जाने वाले बाल्टी, स्टिक , सॉफ्ट ड्रिंक कैन जैसी आसानी से उपलब्ध चीजों से भी लय और ताल उत्पन्न कर सकते हैं। सत्यम भारती ने अपनी टीम के साथ ही ऑडियंस में बैठे बच्चों और बड़ों को भी अपने लय और ताल के कार्यक्रम में शामिल किया। 10 मई के कार्यक्रम का शुभारम्भ कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने किया था।



### सम्मान समारोह एवं एडवेंचर सेटअप आज

रविवार 12 मई का प्रमुख आकर्षण सम्मान समारोह एवं एडवेंचर सेटअप रहेगा। बच्चों का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा। यहां एडवेंचर के लिए राइजिंग और बैलेंसिंग रोप का सेटअप तैयार किया जाएगा। जिसमें बच्चे एडवेंचर में हिस्सा लेंगे। इस ख़ास सेट अप की तैयारी भविष्य में बच्चों की सेना में नियुक्ति एवं प्रशिक्षण के लिए की गई है। जिसमें ड्राइंग, पेंटिग, टी शर्ट पेंटिग, बौद्धिक परीक्षण प्रश्नोंत्तरी और पहेलियाँ, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी शामिल हैं। इस तीन दिवसीय कैंप का मुख्य उद्देश्य एकता और अनुशासन के साथ विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास करना है।

## एसईसीएल महानिदेशक ने सुरक्षा और बचाव की दी जानकारी

**बिलासपुर।** एसईसीएल में खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिम अंचल नागपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ क्षेत्र के अधिकारियों के साथ कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय खान सुरक्षा बैठक 11 मई को आयोजित की गई।

- **एसईसीएल में खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिम अंचल ने की बैठक**

इसकी अध्यक्षता उप-महानिदेशक खान सुरक्षा पश्चिमी अंचल नागपुर रामावतार मीना ने की। बैठक में खान सुरक्षा महानिदेशालय से निदेशक खान सुरक्षा (रायगढ़ क्षेत्र) वीर प्रताप, निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र–क्रमांक 1) मुकेश कुमार सिन्हा, निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र – क्रमांक 2) राजेश कुमार सिंह, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर) मनोज कुमार गुप्ता, निदेशक खान सुरक्षा (पश्चिमी अंचल, नागपुर) टी श्रीनिवास, उप निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र – क्रमांक 2) अरुण कुमार, उप-निदेशक खान सुरक्षा (बिलासपुर क्षेत्र – क्रमांक 1) बी भद्रू एवं एसईसीएल प्रबंधन से निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक (योजना/परियोजना) फ्रैंकलिन जयकुमार, मुख्यालय से सुरक्षा एवं बचाव विभाग सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

बैठक में महाप्रबंधक (खान सुरक्षा/बचाव) जीपी शर्मा ने सुरक्षा की जानकारी दी। मुख्यालय एवं सभी संचालन क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों से अतिथियों को अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि उप-महानिदेशक खान सुरक्षा पश्चिमी अंचल नागपुर रामावतार मीना एवं सभी अतिथियों ने एसईसीएल में सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों की सराहना की। साथ ही खदानों में सुरक्षा से जुड़े उपायों की समीक्षा करने एवं खनिकों को सुरक्षा एवं बचाव के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण पर जोर दिया।

एसईसीएल प्रबंधन ने जानकारी दी कि भूमिगत खदानों में कामगार साथियों के आवागमन की सुविधा के लिए मैन रायडिंग सिस्टम की व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है।





## बिजनेस प्लस

### श्री शिवम में समर की तोड़ो कमर फेस्ट, आफर्स की बौछार 19 तक

**बिलासपुर।** इस समर, सुपर कूल लुक के लिए हो जाइए तैयार क्योंकि आपका पसंदीदा मल्टी-ब्रांड रिटेल फैशन स्टोर श्री शिवम लेकर आया है समर की तोड़ो कमर कलेक्शन। इसमें बेहतरीन समर कलेक्शंस पर कई आकर्षक ऑफर्स मिलेंगे।

11 मई से 19 मई तक श्री शिवम के किसी भी स्टोर पर जाइए और कलर प्लस, फ़ोर्स, जीएएस, पार्क्स, जीनी एन्ड जॉय, यूनाइटेड कलर्स ऑफ़ बेनीटन, व्हाइट हेंगर, इंडियन टरैन, आईजोड, मैडम, पॉन्टिएक, पार्क एवेन्यू और किलर जैसे ब्रांड्स पर बाय टू गेट वन फ्री ऑफर पाइए। साथ ही प्यूमा, वेरो मोडा, काज़ो पर 50% छूट और लुइस फिलिप, एलन सोली, वैन ह्यूज़न पर 40% और ब्लैक बैरी, टॉमी हिलफिगर, जैक एन्ड जोंस, रेयर रैबिट, मेंस क्लब, सिलेक्टेड और जीएएस जैसे ब्रांड्स पर 30% तक की छूट है। समर कलेक्शन में मेंस के लिए बैगी जींस, कलरफुल हॉफ स्लीव्स शर्ट्स विथ फ्लावर डिज़ाइन, लाइट वेट चीनोज़, स्कूप वेट टी शॉर्ट्स और विमेंस के लिए टैंक टॉप्स, लूज़ फिट टी, लेग लाउन्ज पैन्ट्स, फ्लोरल ड्रेस, लॉन्ग स्लीव्स सन शर्ट्स,




लूज़ ब्लाउज़ टॉप्स, सन ड्रेस, कैप्री आदि आसानी से मिल जाएगी। यह पहला ऐसा स्टोर है जहां बच्चों के लिए सबसे ज़्यादा ब्रांड्स इंट्रोड्यूस किए गए हैं। समर कलेक्शन में हमने ख़ास बच्चों के लिए कई नेशनल एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स प्रस्तुत किए हैं। श्री शिवम रिटेल फैशन स्टोर की चैन देश के विभिन्न शहरों में है। रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर, नागपुर, छिंदवाड़ा सहित श्री शिवम मॉडर्न वियर कलेक्शन के साथ ग्राहकों का मन लुभा रहा है।

यहां पर ट्रेडिशनल, एथनिक, वेस्टर्न, इंडियन, इंडो-वेस्टर्न कलेक्शन की शानदार रेंज मौजूद है। हर सीजन के अनुसार यहां सीज़न स्पेशल कलेक्शन लांच किया जाता है जिसमें ट्रेंडी ओउत्फिट्स की वैरायटी ग्राहकों को उपलब्ध रहती है। यहां समर कलेक्शन पर कई आफर्स भी हैं। जल्द ही अपने नज़दीकी श्री शिवम स्टोर पर विजिट कर ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।


## हेल्थ प्लस

### प्रथम हॉस्पिटल ने मनाया नर्सिंग डे



**बिलासपुर।** बहतराई रोड स्थित प्रथम हॉस्पिटल में 11 मई को नर्सिंग दिवस मनाया गया। जिसमें अस्पताल संचालक डॉ रजनीश पाण्डेय ने नर्सिंग का महत्व चिकित्सा क्षेत्र में नर्सिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने नर्सिंग की तुलना मां से की है। लोगों को नर्सिंग का महत्व सिखाया गया। इस अवसर पर डॉ योगेंद्र परिहार, डॉ मीनाक्षी देव, डॉ एस दास, डॉ एस के धर, डा.वी अरविंद, डा. अनूप रेखा, डा. सुनीता दनतारे, डा.जुबैद खान, डा. वैभव कौशिक, डॉ विभा, डा. केके तिवारी, डॉ सुभाष सिंह, डा. लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डा. हेमू टंडन तथा नर्सिंग इंचार्ज ललिता पटेल सभी नर्सिंग स्टाफ व हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद थे।

11-MAY-REGNOL-pg-5_Layout 1 5/12/2024 12:10 AM Page 1



# बालको से दो ट्रकों में निकला 1 करोड़ 80 लाख का एल्युमिनियम गायब



फाइल फोटो

**कोरबा।** बालको से एल्युमिनियम लोड कर गुजरात के सिलवासा स्थित ईस्टर लाइट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को रवाना दो ट्रक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे। दोनों ट्रकों में लगभग 58.614 एमटी एल्युमिनियम रास्ते से ही गायब हो गया। सूचना मिलने पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

**खास बात**

- बालको संयंत्र से गुजरात के सिलवासा स्थित ईस्टर लाइट पावर ट्रांसमिशन को रवाना हुए थे दोनों ट्रक

ईस्ट इंडिया ट्रांसपोर्ट एजेन्सी रायपुर के मैनेजर बनी सिंह ने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 अप्रैल को ट्रक नंबर जीजे 12 बीएक्स 9094 के ड्रायवर जीत पटेल के द्वारा 29.280 एमटी एल्युमिनियम लोड कराया गया जिसकी कीमत 89 लाख 91 हजार 742 एवं 22 अप्रैल को ट्रक क्रमांक जीजे 17 एक्सएक्स 0542 के ड्रायवर अरविंद के द्वारा ट्रक में 29.334 एमटी एल्युमिनियम लोड कराया गया जिसकी कीमत 90 लाख 8 हजार 325 रूपये है। दोनों ट्रक बालको प्लांट से ईस्टर लाईट पावर ट्रांसमिसन लिमिटेड सिलवासा गुजरात के लिए रवाना हुए लेकिन अब तक वहां नहीं पहुंचे है। कम्पनी के लोगों को ऐसा पता चला कि उक्त दोनों ट्रकों के ड्रायवर जीत पटेल एवं अरविंद के द्वारा ट्रकों में लोड एल्युमिनियम को अन्यत्र स्थान पर ले जाकर बिक्री कर दिया गया है। मैनेजर बनी सिंह की शिकायत पर बालको पुलिस ने धारा 406 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु कर दी है।




## जांच में जुटी सिटी कोतवाली पुलिस, पीएम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

# विवाहिता की मौत पर मायके पक्ष का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम सरईगहना निवासी एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में परिजन ने तत्काल महिला को जिला अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया।

वहीं मामले की सूचना पर मप्र उमरिया से विवाहिता के माता-पिता एवं अन्य परिजन भी पहुंचे, तब जिला अस्पताल में मौत को संदिग्ध बताते हुए ससुराल पक्ष पर मार डालने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिए और बाद में जिला अस्पताल परिसर में धरना दे दिया। इस खबर के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया। पुलिस ने मृतका के शव को पीएम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली बैकुंठपुर क्षेत्र के ग्राम सरईगहना में विवाहिता शालिनी जायसवाल पति आलोक जायसवाल उम्र 24 वर्ष ने शनिवार को फांसी लगा ली, इसकी जानकारी पति व परिजन को होने पर विवाहिता को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।



### माता-पिता ने मौत को बताया संदिग्ध

विवाहिता की मौत की खबर के बाद मप्र के उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव से मृतिका के माता-पिता, मामा सहित अन्य परिजन बैकुंठपुर जिला अस्पताल पहुंचे, यहां पहुंच कर विवाहिता के परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया और मौत को संदिग्ध बताते हुए जिला अस्पताल परिसर में धरना दे दिए।

### जांच में लिया गया है

इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृतिका की पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**-विपिन लकड़ा**
टीआई सिटी कोतवाली
बैकुंठपुर

# प्लांटों में सप्लाई होने वाले पैलेट गोली में मिलावट, वाहन चालक सहित 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा पुलिस ने स्थानीय प्लांटों में सप्लाई होने वाले पैलेट गोली में मिट्टी और डस्ट मिलावट के शिकायत पर सूक्ष्मता और विस्तृत जांच कर इस अवैध कारोबार में शामिल 2 ट्रक ड्रायवर, वाहन मालिक, ट्रांसपोर्टर और एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है जिन्हें धोखाधड़ी के अपराध में पुलिस ने रिमांड पर पेश कर जेल भेजी है। थाना पूंजीपथरा में स्थानीय स्केनिया स्टील्स एण्ड पावर लिमिटेड कंपनी के एचआर संजीव साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराते हए आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 7 मई को स्टील एण्ड पावर लिमिटेड जामगांव से वाहन क्रमांक सीजी 13 डी 9375 में 48.890 मैट्रिक टन पैलेट गोली चालक राजू कुमार एवं वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 7431 में 51.080 मैट्रिक टन पैलेट गोली चालक प्रकाश यादव के द्वारा संतोषी रोड लाईन्स जूटमिल रोड रायगढ़ के माध्यम से स्केनिया प्लांट के लिए रवाना किया गया था। 8 मई को दोनों वाहन प्लांट पर अनलोडिंग किया गया। जिसे चेक करने पर वाहन में लोड़ पैलेट गोली में मिट्टी, डस्ट मिला हुआ था। आवेदन पर थाना पूंजीपथरा में दोनों ड्रायवरों पर धारा 407, 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मामले की विस्तृत जांच क्रम में फरार वाहन चालक राजू कुमार और प्रकाश यादव को तत्काल पतासाजी कर हिरासत में लिया गया।

# सूने घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सुने घर का ताला तोड कर चोरी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 13 हजार रुपए नगदी और चांदी के जेवर बरामद किए गए है।




पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस के अनुसार बाना निवासी गंगोत्री बाई कंवर 22 मार्च को घर का ताला बंद कर अपनी भतीजीन रिद्धी कंवर के यहा चली गई थी। वह 23 मार्च की सुबह अपने घर लौटी तो सामने दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पेटी मे नगदी रकम 22 हजार एवं चांदी के चैन एक नग एंव चांदी का साटी,सोना का लाकेट एक नग सोना का फुल्ली एक नग नथनी सोने का एक नग की चोरी हो गई थी। मामले की रिपोर्ट उसने अकलतरा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि घटना दिनांक को गांव के विजय कर्ष को प्रार्थिया के घर के आसपास घुमते देखा गया था जो घटना दिनांक से फरार है। संदेही की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से पता चला कि संदेही विजय कर्ष गांव मे आया है। पुलिस ने उसे हिरासत मे लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकर कर लिया। आरोपी के कब्जे से 13 हजार रुपए नगदी के अलावा एक जोडी चांदी का साटी व एक जोडी चांदी का चैनफांस बरामद किया गया।


# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आठ मवेशियों की मौत

**चलगली।** विक्षोभ की सक्रियता से हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आठ मवेशियों की मौत हो गई। बता दें कि शुक्रवार की शाम मौसम में बदलाव होने के साथ गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। इस दौरान ग्राम दैवइपारा मोहल्ला में ग्रामीणों के मवेशी खुले में चर रहे थे इस दौरान बारिश शुरू हो गई। बारिश होते ही मवेशी एक पेड़ के नीचे पहुंच गई इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आठ मवेशियों की मौत हो गई। घटना में गांव के बागर साय आ. लवंग साय की एक गांय, रंगबासो पति रामबिलास गोंड़ की एक बकरी व एक बैल, रामजतन आ. रामनारायण का एक बैल व एक बछड़ा, बुधराम जगते आ. जवाहिर की दो गाय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए।



# सड़क हादसे में मौत, चक्काजाम

**जांजगीर-चांपा।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के अमरताल की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तिलई निवासी 40 वर्षीय सुधीर कुमार सतनामी शनिवार 11 मई की रात 8 बजे किसी काम से निकला हुआ था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने सुधीर को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आने से सुधीर की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई।




# हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1 विजेन्द्र कुमार साहू सकरी 2 भोला राम यादव, बजरंग नगर सकरी 3 जुगल किशोर तिवारी, चंदेला नगर 4 अन्नया तिवारी इन्द्रसेन नगर मंगला 5 सुनीता मानिकपुरी सिरगिट्टी आवास 6 राजकुमार शर्मा, परसदा 7 बालकुमार कुश्वाहा, कुदुदंड 8 रामरतन शर्मा, काठाकोनी 9 यश धीवर, तारबहार 10 संतोष कुमार गुप्ता, किलावार्ड जुना बिलासपुर 11 रामलोचन सिंह, दिनदयाल मंगला 12 गीता प्रसाद निर्मलकर, तोरवा बस्ती 13 नान्हे उइके, सकरी 14 विनोद सुर्यवंशी, राजकिशोर नगर बिलासपुर 15 प्रीति मैत्री ,सांईनगर उस्लापुर 16 सरोज मानिकपुरी, जरहाभाठा 17 काजल सोनी, दयालबंद रोड 18 प्रतीक स्वरूप तांडी, जरहाभाठा 19 कन्हैया लाल यादव, अभिषेक विहार मंगला 20 लखन आसवानी, कश्यप कॉलानी 21 ऑलेकस जोत केरेकेट्टा, शारदा विहार गीता पैलेस 22 अमर गुप्ता, कुम्हारपारा सकरी 23 निर्मला निराला, देवरीखुर्द 24 विभुति सिंह ठाकुर, बजरंग चौक तालापारा 25 अनामिका केरकेट्टा, शारदा विहार गीता पैलेस 26 र्स्वण लता केरकेट्टा, शारदा विहार गीता पैलेस 27 दिनेश कुमार शुक्ला, छतौना 28 धनेश कुमार यादव, कुदुदंड मिलन चौक 29 मंतोष यादव, यादव गली मगरपारा 30 कमल नारायण बारमते, अटल आवास सकरी 31 रामअवतार धीवर, जांजी, सीपत 32 अनुष्का केरकेट्टा , शारदा विहार गीता पैलेश 33 मनोज कुमार गुप्ता, गनियारी 34 भुवनेश्वर प्रसाद साहू अपोलो रोड लिग्याडीह 35 कुलवन्त सिंह उबेजा, सिद्धी विनायक हाईटस 36 सुधीर केशरवानी, सत्यम चौक लिंक रोड 37 रेनु तिवारी, बन्नाकडीह 38 मधु पाण्डेय, अशोक नगर सरंकण्डा 39 संस्कार पारवानी, संजय हाईटस 40 लिशा कैवर्त, रामायण चौक चांटीडिह 41 शशी कपूर कुर्रे, जरहाभाठा 42 तुलाराम कोशरीया, सुर्यवंशी मोहल्ला तिफरा 43 विनीता, रूचिका विहार सिरगिट्टी 44 प्रमिला यादव विनोबा नगर 45 श्री देवी सिंह राजेन्द्र नगर 46 स्नेहलता गॉटलिब, कॉलिदीं कुंज रिंग रोड 2 47 अनुज साहू श्याम नगर लिग्याडीह 48 रंजीत सिंह राठौर श्लोक विहार लिग्याडींह 49 ज्योति सिह, तारबहार 50 शैलदा महंत, सीपत 51 रंजीत कश्यप, गीतांजली सिटी फेस 2 52 नर्मदा यादव, यदुनंदन नगर तिफरा 53 निखिल गंधर्व लिग्यांडीह 54 गोमती शनी मिश्रा राजेन्द्र नगर 55 आराध्या निर्मलकर, घुरू अमेरी 56 नीलू कुमारी, तालापारा 57 शांति खैरवार यदुनंदन नगर 58 गोपीचंद मलधानी शिव टाकीज 59 पुष्पा साहू, आर टी एस कालोनी तोरवा 60 राजु देवांगन, सूर्या चौक चिगंराजपारा 61 गुलाब खरे, अकलतरी 62 आकृति दुबे, गीतांजली पार्क 63 राजेन्द्र पुरी गोस्वामी, आर्य कालोनी 64 आलिया खान, मंगला बिलासपुर 65 रेखा यादव, यदुनंदन नगर 66 सुधांशु शेखर मोहान्ती हेमु नगर 67 सरोजनी साहु अम्बरीश विहार उस्लापुर 68 कौशिल्या साहु शुभम विहार 69 सुनील कुमार पाण्डेय साल्हेघोरी देवनगर कोनी 70 रीना पात्रे यदुनंदन नगर 71 अशोक कुमार त्रिपाठी मोपका 72 नरेन्द्र कश्यप नया सरकण्डा 73 मोहित कुमार लहरे, आश्रय परिसर सिरगिटी 74 मोहन सिंह ठाकुर तिलक नगर बिलासपुर 75 बी एस ठाकुर भारतीय नगर 76 महेश्वर प्रसाद सोनी, इंजीनिरिंग कालेज कोनी 77 अनुराग श्रीवास सकरी 78 रामअवतार खैरा 79 रेखा चौधरी, नेहरू नगर 80 देवेन्द्र कुमार साहु, कस्तुरबानगर 81 कृष्णा केशरवानी, इमलीपारा 82 पिंकी सेवते, श्रीरामपुरम कालोनी 83 विजय कुमार कुर्रे, ओम नगर 84 रवि यादव, शा. इजी. कालेज कोनी 85 विजय कुमार लास्कर, सकरी 86 उर्मिला अग्निहोत्री, करबलारोड 87 जगदीश प्रसाद गुप्ता, सकरी 88 ओम प्रकाश गुप्ता, दयालबंद 89 विक्रम साहू, दिनदयाल कालोनी 90 ओम थवाईत, चिंगराजपारा 91 अंजु शुक्ला, कालिका नगर तिफरा 92 अभिनव रात्रे, शिव नगर उस्लापुर 93 मोहसीन खान, बृहस्पति बाजार 94 अनन्या मि़श्रा, गया विहार 95 कौशलेन्द्र कुमार चन्द्रा, विधुतनगर तिफरा 96 खिलेश्वर प्रसाद, एकता कालोनी अशोक नगर 97 लक्ष्मीनाराणय दीक्षित, गीतांजली इनक्लेव 98 कमलेश कुर्रे, घुरू 99 प्रकाश मानिकपुरी, चांटीडीह 100 पलक शर्मा, यातायातनगर तिफरा 101 प्रकाश नाथानी सिंधी कालोनी 102 अनूप कुमार गुप्ता सीपत 103 नरेन्द्र साहू प्रभात चौक चिंगराजपारा 104 संतोष कुमार बंजारे कोरमी 105 अनुष्का बरगाह, महाराजा बाग कालोनी अमेरी 106 पंकज देवांगन, श्लोक विहार 107 राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, नंदेश्वर मंदिर चांटिडीह 108 बबीता यादव, तालापारा 109 शशि प्रभा श्रीवास्तव, रेल्वे कालोनी 110 यशवंत कुमार मारू , टिकरापारा111 प्रियंका शर्मा, ईदगाह रोड बिलासपुर 112 सुधा अग्रवाल, 27 खोली इंद्रसेन नगर 113 कुमारी माया विठालकर राम मंदिर रोड तिलक नगर 114 धन्नू पटेल, अमेरी रोड 115 दिपाली श्रीवास्तव, न्यू लाको कालोनी 116 रामनाथ साहू, अशोक विहार फेस 2 117 सीमा शर्मा , कुदुदंड 118 सतेन्द्र पुरी गोस्वामी कुम्हारपारा 119 कन्हैया लाल शर्मा कुली 120 खिलेश साहू श्याम नगर लिग्याडीह 121 नसीम बादशाह मध्यनगरी चौक 122 मंजू देवी यादव, कल्पना विहार 123 ओम प्रकाश आदित्य, कुदुदंड 124 निखिल गुप्ता, दयालबंद 125 कृष्ण कुमार यादव, मगरपारा 126 जय कुमार खरे, शुभम विहार 127 लक्ष्मण सिंह राजपूतजांजी, सीपत 128 संगीता राउत टिकरापारा 129 संतोष कुमार यादव, अभिषेक विहार फेस - 2, मंगला 130 श्रीमति सूमन पलेरिया विवेकानंद रेसीडेंसी चिल्हाटी 131 नेहा टंडन, चिल्हाटी टंकी पारा 132 सीमा मानिकपुरी, डब्ल्यू. - 84,यदुनंदन नगर तिफरा 133 नीरा भारद्वाज, अटल चौक धुर्वाकारी 134 मो. तौफिक सिद्दकी, इंद्रपुरी रोड शांति नगर तिफरा 135 अनिल गुप्ता जबड़ापारा नाला के पास बिलासपुर 136 आकाश टंडन , पाठक किराना गली विनोबा नगर 137 आदित्य सिंह ठाकुर, धुरीपारा मंगला 138 जवाहर लाल यादव, शांतिनगर सकरी 139 आभा शर्मा, बैमा नगोई बिलासपुर 140 श्रीमति शोभा बिबे, बृहस्पति बाजार के पास तिलकनगर बिलासपुर 141 कल्पना भोपले, गंगा नगर फेस - 2, मंगला 142 कन्हैया लाल पाण्डेय लिंक रोड रतन होटल गली सुनगल अपार्टमेंट के पास 143 भूपेन्द्र गौरहा, आर्या कालोनी तिफरा 144 सतरूपा सोनवानी, सेमरा सिघरी 145 कमलेश मिश्रा बी/38, क्रंतिनगर बिलासपुर 146 आरोही सिंह ठाकुर, धुरीपारा मंगला 147 दल्देव शर्मा, गोड़पारा सांई मंदिर बिलासपुर 148 मृत्युंजय टंडन पाठक किराना गली विनोबा नगर 149 भरत लाल देवांगन, जूना बिलासपुर देवांगन मोहल्ला 150 श्रीमति ललिता केशरवानी, विघानगर शिव मंदिर के पास बिलासपुर 151 रमेश कुमार यादव, वार्ड नं. - 49, बी.आर. यादव नगर बहतराई 152 राधा साहू, शंकर नगर बिलासपुर 153 राजेश कुमार सोनी, गनियारी 154 आशीष कुमार तिवारी एल.आई.जी. - 36, दिनदयाल कालोनी परसदा 155 राम बहोरिक शिव लोखडी , मंगला 156 श्रीमति संजीता केवट, यदुनंदन नगर 157 जोगेन्द्र श्रीवास, टिकरापारा बिलासपुर 158 दीपक कुमार साहू, साहू पारा सकरी 159 वेदमती साहू, नया सरकण्डा 160 मीना शर्मा, किलावार्ड बनियापारा 161 विजय भूषण पटेल, लॉ कालेज के सामने लिंक रोड बिलासपुर 162 रेखा कलशा, श्यामनगर लिंगियाडीह वार्ड क्रं. - 52 163 शैलेन्द्र कुमार टंडन पाठक किराना गली विनोबा नगर 164 राजीव मोहन श्रीवास्तव, शैल विहार मंगला 165 श्रीमति रानी अग्रवालतेलीपारा सरजू बगीचा 166 श्रीमति रईसा जाफर 17, एम.आई.जी. नेहरू नगर 167 श्रीमति दुर्गेश पाण्डेय , शंतिनगर दलदलिहा रोड सकरी 168 मुकेश कुमार दुबे नूतन इन्कलेव नूतन चौक सरकंड़ा 169 रजनी टंडन, पाठक किराना स्टोर विनोबा नगर 170 स्वेक्षा जैन, वी.आई.पी. कालोनी सरकण्डा 171 मंजूर अहमद, तेलीपारा तैबा चौक 172 काव्य दुबे तारबहार फाटक 173 संजीव कुमार यादव , कतियापारा ऊदई चौक 174 अंकित कश्यप , खैरा लगरा175 अशोक सैमुअल, घुरू वार्ड नं. - 4 176 प्रियंका साहू, कन्ट्रक्शन कालोनी क्वा. नं. - 786/ए 177 मनजीत कौर गुबंर आश्रय परिसर सिरगिटटी 178 मोहम्मद रफीक मेमनकुम्हारपारा तालापारा 179 शत्रुहन लाल देवांगन हटरीचौक, अशोक गैरेज के पास 180 प्रकाश कुर्रे, आजाद चौक मंगला 181 श्रीमति गायत्री जायसवाल, सूर्याविहार सरकण्डा18 यशवंत कुमार यादव, गतौरा रेल्वे स्टेशन कर्रा 183 अवध किशोर वर्मा, के.बी.टी./एम.आई.जी- 126 दिनदयाल कालोनी मंगला 184 अन्नपूर्णा पटेल, लालखदान महमंद 185 राजकुमार मसीह, तिफरा 186 श्री नारायण शुक्ला,द बी/55, शक्ति चौक राजकिशोर नगर 187 उमा देवी चौहान, वार्ड नं. - 07, आवासपारा परसदा 188 श्रीमति सुलोचना , सांई आनन्दम के पास उस्लापुर 189 आर्या गुप्ता, जूना बिलासपुर बनियापारा 190 हीना राजपूत, इमलीभाठा बिलासपुर 191 रीमा साहू, शिव विहार कालोनी 20, वार्ड महंमद 192 आशिष भास्कर, तोरवा बिलासपुर 193 रमेश.बरगाह देवांगन मोहल्ला रानीगांव 194 सुनील किराना स्टोर्स बैगीन चौक रानी गांव 195 रमेश कुमार निर्मलकर रानीगांव 196 संतराम किराना स्टोर्स रानीगांव दुर्गा चौक 197 राम प्रवेश साहू, नवधा रामायण मदनपुर 198 जनक देवांगन वार्ड नं.- 10,बाजार चौक रानीगांव 199 दिनेश कुमार कोरी वार्ड नं.-12,बाजार चौक रानीगांव 200 शिव कु. कैवर्त वार्ड-09,मेन रोड बस स्टेण्ड काठा कोनी 201 माहि नायडू वार्ड-02,महामाया गेट बगल हनुमान मंदिर के पास 202 निरंजन सिंह राजपूत मोना आटर्स के सामने आधार पंजीयन केंन्द्र के बगल में नवीन किराना के सामने 203 संतोष गुप्ता, खुजरी नवागांव महामाया चौक 204 मुन्ना तिवारी, मुंगेली नाका 205 गगन एस.टी.डी., 27 खोली मुंगेली नाका 206 आशीष पाल, पानी टंकी के पास सेंन्दरी 207 सुभाष कुर्रे,पीपल पेड़ के पास सेंन्दरी 208 मोहन सोनवानी, सेंन्दरी 209 गोलू पान सेंटर, सेंन्दरी मेंन रोड 210 लक्ष्य राम सिन्हा, मेन रोड 211 राजेश मसराज, रेडिमेंट साड़ी स्टोर गली में 212 पंच राम देवांगन, सेंन्दरी 213 राधिका प्रजापति, कुम्हारपारा 214 संजीव खाण्डे रमतला रोड सेंन्दरी 215 सरेश कुमार देवांगन सेंदरी बाजार पारा स्कूल 216 अजय बंजारे, वार्ड नं.-14,आर्दश नगर 217 गनपत बंजारे, फेब्रिकेशन सेंदरी श्री कृष्णा 218 भिकम प्रसाद, बाजार चौक सेंदरी मील के पास 219 संतोष मोबाइल शॉप बाजार चौक सेंदरी मील के पास 220 सुनिल सरवन्स, वार्ड -11,रमतला रोड राइस के पास 221 मेला राम साहू, आंगनबाड़ी वार्ड-2,सेंदरी 222 कन्हैंया टंडन, वार्ड -15,सतनामी पारा सेंदरी 223 विशाल सरवंश, सतनामी मोहल्ला सेंदरी 224 शिव कुमार बघेल, सतनामी मोहल्ला सेंदरी 225 महेंन्द्र सिंह, वार्ड नं-14,सेंदरी 226 विनय कुमार देवांगन, बस स्टैण्ड वार्ड -07,लखराम 227 मेलउ राम देवांगन, देवांगन मोहल्ला लखराम 228 धनेश कुमार कैवर्त, बस स्टैण्ड वार्ड -07,लखराम 229 लेखराम साहू, बस स्टैण्ड वार्ड -07,लखराम 230 रामफल साहू, लखराम 231 श्रवण कुमार निर्मलकर, लखराम 232 संतोष देवांगन, लखराम 233 कमलेश दिनकर सूर्यवंशी मोहल्ल मंदिर चौक 234 केशव दिनकर , सूर्यवंशी मोहल्ल मंदिर चौक 235 मुरारी केंवट, टोकान पारा शिव मंदिर 236 जय अम्बे कृषि केंन्द्र बस स्टैण्ड वार्ड -07,लखराम 237 विजय साहू, बाजारपारा लखराम 238 मन्नू टेलर्स, बस स्टैण्ड वार्ड -07,लखराम 239 हिमांशु गुप्ता, बस स्टैण्ड वार्ड -07,लखराम 240 डा. ए.के.राय, बस स्टैण्ड वार्ड -07,लखराम 241 अनितागायत्री चौक लखराम 242 भारत टायर मेन रोड के बाजू में परसदा 243 अजमेरी टायर मेन रोड के बाजू में परसदा 244 जितेंन्द्र कौशिक ट्रांसपोर्ट नगर 245 गोसाई पान सेंटर ट्रांसपोर्ट नगर 246 गौरव अधिकारी होटल ट्रांसपोर्ट नगर 247 मो. फिरोज अहमद, रायपुर रोड परसदा 248 साजिद मोटर गैरेजरायपुर रोड परसदा 249 वासुदेव किराना स्टोर्स, वासु किराना स्टोर्स 250 दिलीप मोटर वाइडिंग शारदा मंदिर के सामने 251 छत्तीसगढ़ बॉड्री वक्स्र रायपुर रोड परसदा 252 रूप लाल कौशिक, कौशिक सायकल स्टोर रायपुर रोड 253 जय सायकल स्टोर्स, शारदा मंदिर के सामने परसदा 254 रज्जु सायकल स्टोर्स, रज्जु सायकल स्टोर्स 255 दिलीप हॉटल मॉं शारदा मंदिर के सामने 256 मोहम्मद जैनुल, मेन रोड परसदा 257 मेट्रो टायर, रायपुर रोड मेंन रोड वार्ड क्र.1 परसदा 258 दीप सिंह, मेन रोड परसदा वार्ड नं.1 259 ताहिर बाड़ी मेंकर, रायपुर रोड परसदा बिलासपुर 260 मॉं दुर्गा इंजिनियर, मेन रोड रायपुर परसदा 261 कमल बजाज, पारूमल होटल के बाजू में 262 विजय दास, मेन रोड श्री राम मंदिर के बाजू में 263 महेंन्द्र निषाद, चकरभाठा मेन रोड नयापारा 264 गौतम सिंग, नयापारा चकरभाठा मेन रोड 265 देवचंद बरगा, वार्ड-16महामाया मंदिर के बगल में 266 नेहाल बुट हाउस, वार्ड-16महामाया मंदिर के बगल में 267 मुकेश धीवर, वार्ड -17,रानीगांव 268 राम अवतार साहू, बैगीन चौक रानी गांव 269 बिसाहू दास, दिनदयाल कालोनी एल.आई.जी/397 270 कृष्णा खुर्रा, सेट्ठी ब्यास हास्टल रुम नं.-1,पंजाबी कालोनी गांधी चौक 271 कोमल कौशिक, सुमित्रा विहार मंगला 272 संतोषी देवांगन, बनियापारा जूना बिलासपुर 273 सुनील सोनी, निराला नगर बजरवाल भवन सालासर ट्रेडर्स 274 सम्मत लाल नल मिस्त्री, कुम्हारपारा महिमा हाईट्स के पास 275 रघु राजपूत, मन्नाडोल तिफरा 276 सुधीर भोसले, कुदुदण्ड मिलन चौक 277 प्रकाश रूपवानी, मध्यनगरी चौक महामाया केटरिंग के सामने 278 मिश्रा होटल, राम बलराम कुटिर कि सामने 279 महेश गुप्ता, काठा कोनी 280 विजेता चौधरी, शासकीय स्कूल के बगल में

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ



**लोरमी।** श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन वार्ड क्रमांक 14 रामहेपुर में कुंज बिहारी वैष्णव, विनोद वैष्णव प्रीति वैष्णव के निज निवास में 10 से 18 मई तक किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित राजेश वैष्णव भाठा पारा वाले हैं। कथा के प्रथम दिवस शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गईं । महिलाएं सिर में कलश लेकर भजन कीर्तन करते हुए नगर के मुख्य मार्ग होते हुए बाबा घाट तक पहुंची।

### आर्ट आफ लिविंग का रक्तदान शिविर आज

**तखतपुर।** आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के तत्वावधान में 12 मई को प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक पूर्णिमा चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। 14 मई से आर्ट ऑफ़ लिविंग का 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम सुबह 6 से 9 बजे तक गुरुद्वारा के पीछे हाल में किया जा रहा है। जिसमें योग, ध्यान, प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी।

### हाईस्कूल टेकर का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

**बेलतरा।** शासकीय हाईस्कूल टेकर में का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान धनेश्वरी सूर्यवंशी 88.5%. द्वितीय स्थान जागृति कश्यप 84% तृतीय स्थान विद्या श्रीवास 72.5% चतुर्थ स्थान बंटी कुमार 68.17% ने प्राप्त किया। प्राचार्य नसीम बेगम ने समस्त व्याख्याताओं एवं छात्र-छात्राओं को अच्छे रिजल्ट आने पर प्रोत्साहित किया।

### सशिमं लखराम का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**लखराम।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय लखराम का दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम अंचल में उत्कृष्ट रहा। श्रिया कश्यप 95 प्रतिशत, प्रियांशु दिनकर 91 प्रतिशत, रूपाली कुंभकार 87 प्रतिशत के साथ कक्षा में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए। मेघा कैवर्त, काजल साहू, आलोक रत्नाकर, भारती लास्कर, शुभम साहू, पलक केंवट नेहा कैवर्त मीनाक्षी सिद्धार्थ सूर्यवंशी आदि ने विशेष अंक अर्जित किए हैं।

### किसान की बेटी ने 10वीं में लहराया परचम

**जरहागांव।** 10 वीं की परीक्षा में बरेला निवासी किसान अनीश अहमद की पुत्री रुखसार फातिमा ने 553 अंक 92 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव व शाला का नाम रौशन किया है। हनीफ अहमद ने बताया कि बिटिया फातिमा बचन से ही पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहती थी। रुखसार फातिमा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल की प्राचार्य शारदा गुप्ता ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पचपेड़ी स्कूल की छात्रा निशा ने बढ़ाया मान

**मल्हार।** बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं की विद्यार्थी निशा पाटले पिता शेर सिंह पाटले ग्राम केवतरा जो कि शासकीय कन्या उमावि पचपेडी की छात्रा है। जिन्होंने कक्षा दसवीं के वार्षिक बोर्ड परिक्षा में निर्धारित छह सौ अंकों में पांच सौ उनयासी अंक के साथ 96.5 प्रतिशत लेकर स्कूल में टॉप किया है। निशा पाटले ने सफ़लता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। निशा का कहना है कि वे सिविल सेवा में जाना चाहती हैं।

## निधन

### सुनील कुमार राय



**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर सुनील कुमार राय का 11 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 मई को सुबह 9 बजे उनके निवास सोन गंगा कॉलोनी से मुक्तिधाम सरकंडा के लिए निकलेगी। वे रवि एवं अनिल के भाई और दिव्या व अधिवक्ता सौम्य राय के पिता थे।

---

दो पुरुष और एक महिला समेत 3 आरोपी ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले से गिरफ्तार

# ग्रामीणों को नकली सोना देकर ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीपीएम

**गौरेला।** ग्रामीणों को नकली सोना देकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ने में जीपीएम पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दो पुरुष और एक महिला समेत 3 आरोपी ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के हिमगीर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में नकली सोने चांदी के जेवर समेत फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल हैंडसेट और ठगी से खरीदी गई संपत्ति भी बरामद की गई है।

- आरोपियों से भारी मात्रा में नकली सोने चांदी के जेवर समेत फर्जी सिम कार्ड , मोबाइल हैंडसेट और ठगी से खरीदी गई संपत्ति भी बरामद

पुलिस के अनुसार 3 मई को ग्राम बिजरवार गौरेला निवासी पूरन लाल राठौर ने गौरेला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 मई को अज्ञात व्यक्तियों ने कम दाम में सोना देने का प्रलोभन देकर उससे दो लाख रुपए ले लिए और नकली सोने का जेवर देकर फरार हो गए हैं। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। उन स्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो पता चला कि आरोपियों ने ओवरब्रिज के पास डेरा लगाया था। उक्त अपराध में तीन पुरुष एवं एक महिला शामिल हैं। तकनीकी आधार पर तफ्तीश करने पर पता चला कि सभी आरोपी अनूपपुर मध्यप्रदेश की ओर से गौरेला आए थे एवं अपराध करने के बाद बिलासपुर की ओर निकल गए हैं।



मामले का खुलासा करते पुलिस अफसर, पकड़े गए आरोपी व जब्त सामान।

#### ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले से गिरफ्तार

पुलिस की टीम ने आरोपियों को साइबर सेल की मदद से ट्रैक करते हुए ओडिशा के जिला सुंदरगढ़ स्थित हिमगीर क्षेत्र से हिरासत में ले लिया है। जहां ये पूर्व की तरह हिमगीर के दैनिक बाजार में डेरा लगाकर रहते पाए गए। आरोपियों में से दो पुरूष आरोपी और एक महिला आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर इन्होंने अपना ठगी करने का तरीका बताया तथा पूर्व में गौरेला क्षेत्र में को गई ठगी के पैसों से खरीदे गए असली जेवर, मोबाइल हैंडसेट तथा एयरटेल, वोडाफ़ोन आईडिया के विभिन्न सिम कार्ड को बरामद किया गया हैं जिन्हे कूटराचित दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त करने की जानकारी मिली है। जानबूझकर पीड़ित का विश्वास जीतने उसे अपना मोबाइल नंबर देते जो फर्जी रहता था।

#### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि इनके गिरोह में इनके परिवार के सदस्य ही हैं जो पहले कांच काटने के काम के बहाने से किसी स्थान पर डेरा लगाते हैं फिर नज़दीक के किसी अन्य जिले या क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों से पहले स्वास्थ्य संबंधी या आकस्मिक परेशानी बताकर सोने के बदले पैसे मांगते हैं। जिस दौरान पहली बार में कम दाम में असली सोना बेचकर विश्वास जीत लेते हैं फिर अगली बार पुनः उस व्यक्ति से ज्यादा मात्रा में नकली सोने के जेवर देकर बड़ी रकम हासिल करते हैं। इस तरह कम दाम में सोना बेचने का लालच देकर ग्रामीणों से ठगी करते हैं। गौरेला में भी इन्होंने पहले रेलवे स्टेशन के पास डेरा लगाया था। उसके बाद इस घटना को उन्होंने अंजाम दिया।

#### पकड़े गए आरोपी

प्रभु सोलंकी पिता नत्थू सोलंकी उम्र 35 वर्ष पता शांतिपारा गतवापारा भिलाई 3 थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग (छ.ग.)
लक्ष्मण राठौर पिता हीरालाल उम्र 28 वर्ष पता वार्ड नं.5 इंद्रानगर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
सीता सोलंकी पति विष्णु सोलंकी उम्र 30 वर्ष पता वार्ड नं.5 इंद्रानगर थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
उत्तरप्रदेश निवासी आरोपी अरविंद अभी फरार है।

#### जब्त सामग्री

आरोपी प्रभु सोलंकी के कब्जे से 18 जोड़ी नकली चांदी का पायल, 4 नग चांदी का सिक्का, 1 नग चांदी का बाजूबंद, 1 नग चांदी का जुड़ा, नकली सोने की मोती माला, एक जोड़ी सोने का टॉप्स, एक नग सोने का मंगलसूत्र, नगदी 2 हजार रुपए, चार नग मोबाइल हैंडसेट, 7 नग एयरटेल कम्पनी का सिम कार्ड
आरोपी लक्ष्मण राठौर के कब्जे से नगदी एक हज़ार रुपये, 7 नग एयरटेल एवं वोडाफ़ोन आईडिया कम्पनी का सिम कार्ड
महिला आरोपी सीता सोलंकी के कब्जे से चार नग चांदी का सिक्का, 13 नग नकली चांदी की पायल, 1 नग सोने का टॉप्स, 29 जोड़ी नकली चांदी की बिछिया, 01 किलोग्राम नकली सोने की मोतीनुमा माला, चार नग मोबाइल हैंडसेट जब्त किए गए हैं।

---



लोरमी क्षेत्र में बिजली का खंबा लगाते कर्मचारी।

## दो दिन के आंधी-तूफान में 20 पेड़ 40 से अधिक बिजली के खंबे उखड़े

**लोरमी।** क्षेत्र में विगत दो दिनों से आंधी तूफान एवं बारिश ने विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। 11 केव्ही में समस्या आने से 100 से अधिक ग्रामो में विद्युत बाधित रही।

उपसम्भाग में बिन मौसम आंधी तूफान एवं बारिश ने 40 से अधिक विद्युत खम्भा एवं प्राकृतिक रूप से पेड़ टूट गए।जिसके कारण विगत दो दिनों से क्षेत्र में विद्युत आंख मिचौली जारी रही। कर्मचारियों ने लगातार सुधार कार्य जारी रखते हुए शहरी क्षेत्र में देर रात तक विद्युत बहाल किया। गौरतलब है कि उपसम्भाग में कम कर्मचारी होने के बाउजूद सुधार कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। शुक्रवार को तेज आंधी ने 5 से अधिक स्थानों में 11केव्ही तार में पेड़ के डंगाल टूटकर गिर जाने से लगभग रात 12 बजे विद्युत बहाल हुई। ग्राम परसवारा सहित अंचल के विभिन्न हिस्सों में पोल टूटने की खबर आती रही,जिसे कर्मचारी जूझते नजर आये। भालूखोंद्रा में 11केव्ही में सुधार कार्य किया गया। वही शनिवार को तेज आंधी से नगर के शिवघाट के पास वार्ड एक मे पेड़ गिर जाने से विद्युत व्यवस्था बाधित रही।

#### बहाल की गई बिजली की व्यवस्था

विगत दो तीन दिनों में 40 से अधिक पोल टूटने की खबर आई है। 20 से अधिक स्थानों में पेड़ टूटने से विद्युत तार टूट गए, जिसे कर्मचारियों ने सुधार कार्य करते हुए विद्युत व्यवस्था बहाल की गई।

-केसी गुप्ता
जूनियर इंजीनियर, बिजली विभाग

---

## बिजली व्यवस्था सुधारने में जुटा प्रशासन

**सरगांव।** नगर पंचायत सरगांव तथा आसपास के क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुचारू करने लिए प्रशासनिक टीम ने निरीक्षण किया। अफसरों ने खंबे लगाने सहित बिजली व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

क्षेत्र में बिजली समस्या को संज्ञान में लेते हुए जिला कलेक्टर ने एसडीएम पथरिया श्री ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर मौका निरीक्षण का निर्देश दिया था। जिसके मद्देनजर शनिवार को नगर पंचायत के वार्ड तथा आसपास के क्षेत्र में संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार शशि नर्मदा नायक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी घनश्याम शर्मा, सहायक अभियंता छाया जीनस, उप अभियंता श्री राणा, आरआई, पटवारी तथा नगर पंचायत विभाग के कर्मचारियों सहित विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा वार्ड क्रमांक 9, वार्ड क्र 6, वार्ड क्र 1, कई प्रकार की समस्या पाई गई। जिस पर अधिकारी के द्वारा तार ऊंचा करने तथा एक खंबा लगाने एवं वार्ड क्रमांक खपरी में खबों को 15 दिवस के भीतर सीधा करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सतत क्षेत्र में भ्रमण कर विद्युत समस्या को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।



बिजली व्यवस्था का निरीक्षण करती प्रशासनिक टीम।

#### किया गया निरीक्षण

नगर में बिजली व्यवस्था सुचारू हो सके इसके कलेक्टर द्वारा टीम बनाकर जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर आज मौका निरीक्षण किया गया, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को किसी भी तरह की समस्या न हो।

-घनश्याम शर्मा
सीएमओ, सरगांव

---

### मेडिकल स्टोर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

**तखतपुर।** मेडिकल स्टोर के सामने से बाइक खड़ी बाइक को चोरी करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार बेलपान रोड़ निवासी अनिल सिंह ठाकुरपुराना बस स्टैण्ड में मेडिकल स्टोर का संचालन करता है। वह 10 मई को बाइ क्रमांक सीजी 10 यू 5883 में दुकान आया था और बाइक को वहीं खड़ी करके घर चला गया रात्रि 11 बजे उसे फोन से बगल के दुकान संचालक ने बताया कि तुम्हारी दूपहिया वाहन को दो व्यक्ति लेकर जा रहे सूचना मिलते ही वह बिलासपुर की तरफ गया तभी उस दूपहिया वाहन को टिकरापारा बसिया निवासी नरेंद्र धुरी और हरदीकला निवासी हेमंत कौशिक तथा चकरभाठा निवासी संजय ध्रुव चोरी कर ले जा रहे थे। जिसे हाई स्कूल के पास पकड़ लिया।

---

## खाद्य निरीक्षक ने की गैस एजेंसी की जांच

**सरगांव।** नगर पंचायत में इंडियन ग्रामीण वितरण गैस एजेंसी संचालित हो है। शासन के द्वारा लगातार प्राप्त निर्देश कि गैस एजेंसी में स्टाक नहीं होने व ज्यादा दाम पर गैस सिलेंडर की बिक्री, व नगर के बड़े होटलों, ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग और कुछ व्यापारियों के द्वारा गैस सिलेंडर का कालाबाजारी किए जाने की जांच समय समय पर होती रहनी चाहिए। ताकि गैस उपभोक्ताओं को कोई समस्या न हो। इसी कड़ी में शनिवार को खाद्य निरीक्षक सरगांव दीपाली सिंह व पथरिया भानुप्रिया नंदकर ने गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी में स्टॉक भरा व खाली सही पाया गया ग्राहकों से रेट के बारे में जानकारी लिया गया जो की ग्राहकों के द्वारा जो सही मूल्य पर प्राप्त होना बताया गया। सही समय पर गैस मिलना बताया और ग्राहकों ने कहा कि कभी-कभी एजेंसी में गैस खत्म हो जाता है तो घर में होम डिलीवरी के माध्यम से पहुंचाया जाता है खाद्य निरीक्षक ने जो भी सवाल ग्राहकों से किया व सही पाया गया। साथ ही ग्राहकों को घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। गैस एजेंसी के संचालक भानु कुमार राय के द्वारा यह बताया गया की समय पर उपभोक्ताओं को गैस उचित मूल्य में घर पहुंच कर दिया जाता है। किसी भी ग्राहकों से अन्य पैसे नहीं लिए जा रहे हैं।




#### की गई पूछताछ

जांच के दौरान ग्राहकों से पूछताछ में निर्धारित दर पर सिलेंडर रिफलिंग कराया जाना बताया है। गैस एजेंसी संचालक को समय पर लोड मंगाने का निर्देश दिया गया है ताकि ग्राहकों को सिलेंडर मिलने में परेशानी न हो।

-दलेश्वर साहू
वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक

---

## दो बाइक में भिड़ंत, दोनों चालकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीपीएम

तेज रफ्तार आमने-सामने से दो बाइक की भिंडत हो गई। भिड़ंत में दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई। वहीं दो घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया।

**खास बातें**

- दो युवकों को घायल अवस्था में उपचार के लिए बिलासपुर किया गया रिफर

ग्राम गुरूवाईनडबरी में दोपहर 3 बजे खुर्सी निवासी मनोज मेहर अपने एक साथी के साथ एवं कोदवा निवासी वेंताल भास्कर अपने साथी लोकराम के साथ तेज रफ्तार से जा रहे थे। दोनों की सामने से आपस में जोरदार भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों चालकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा कहो गई। लोग अपने तरीके से घायलों को बचाने का प्रयास करने लगे। इस बीच किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। वहीं पीछे बैठे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों एवं घायलों को सिर एवं हाथ में गंभीर चोंटे आयी। पुलिस ने घायलों को बिलासपुर भेजा एवं मृतकों का पीएम कराया गया। घटना से दोनों ग्रामों में शोक का माहौल रहा।

### सीसी रोड तोड़ने की बात पर मारपीट

**तखतपुर।** घर के सामने सीसी रोड को तोड़ने की बात को लेकर गाली गलौज कर मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार सांवाडबरा निवासी बलराम जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह प्रधानमंत्री नल जल योजना अंतर्गत चल रहे काम में सुरपरवाईजर का काम करता है। 11 मई की सुबह 8 बजे वह घर के सामने था तभी आरोपी सुदामा यादव ने घर के सामने की सीसी रोड़ को क्यों तोड़े हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

---

## गाडरवारा ने एनटीपीसी को मात देकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत में 5 से 9 मई तक अंतरा क्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिम क्षेत्र 2 के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों कोरबा गाडरवारा लारा खरगोन तथा सीपत की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का फ़ाइनल मुक़ाबला एनटीपीसी सीपत एवं गाडरवारा की टीम के बीच 9 मई 2024 को खेला गया। एनटीपीसी सीपत एवं गाडरवारा बीच कड़े संघर्ष एवं रोमांच के चरम सीमा तक चले। इस फ़ाइनल मुक़ाबले का परिणाम शूटआउट से निकला। जिसमें गाडरवारा ने एनटीपीसी सीपत को 4-2 से हराते हुए खिताब अपने नाम किया। मैच समाप्ति के बाद मैदान में पटाखों से आसमान में खूब आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एवं विशिष्ट अतिथि गुंजन शुक्ला, चीफ बॉयलर इंस्पेक्टर (छत्तीसगढ़ बॉयलर इंस्पेक्टोरेट), ने संबोधित करते हुए दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। गाडरवारा को विजेता ट्रॉफी एवं सीपत को उपविजेता ट्रॉफी दिया गया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। फ़ाइनल मुकाबले का यूट्यूब पर लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, नम्रता शरण, उपाध्यक्ष संगवारी महिला समिति, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, सभी टीमों के खिलाड़ी, स्पोर्ट्स काउंसिल सीपत के समिति सदस्य, आयोजन समिति के सदस्य, यूनियन एसोशियसन के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



---

## डीएवी स्कूल का मना छात्र पुनर्मिलन समारोह

**लोरमी।** ग्राम कोतरी स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में बुधवार को पूर्ववर्ती छात्र - छात्राओं के पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल से शिक्षा पूर्ण करने वाले विभिन्न बैच के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया व कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। डीएवी गान कराया गया इसके बाद विद्यार्थियों ने साथ बिताए प्रारंभिक वर्षों पर विचार किया। सभी ने अपना परिचय, वर्तमान स्थिति व अनुभव साझा किया।

विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु कुनार ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और उद्देश्य बताया कि किस प्रकार वे लंबे समय से इस कार्यक्रम की भूमिका बना रहे थे उनके पास विभिन्न विद्यार्थियों के फोन और मैसेज आते थे परंतु विद्यालय के आवश्यक कार्यों की वजह से इसमें विलंब हो रहा था। सभी विद्यार्थियों को समय का महत्व समझाया व उनकी उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। खेल शिक्षक लक्ष्मीकांत साहू ने विद्यार्थियों को सफलता का आशीर्वाद दिया। संस्कृत आचार्य डॉ. रुपेंद्र कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों में हास्यात्मक अंदाज में जोश भर दिया। पूर्व शिक्षक सुनील शर्मा ने इसे गौरवांवित करने वाला क्षण बताया। पूर्व शिक्षक धर्मेंद्र पूरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों से मिलने वाले प्यार और बिताए लम्हों को याद करते हुए कहा लक्ष्य तय करना आवश्यक है पर इसकी वजह से हमें अपने वर्तमान को नहीं भूलना चाहिए। पूर्व शिक्षक मिलेश भार्गव ने शिक्षा के महत्व को समझाया। इसके बाद सभी छात्र - छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसमें कविता, नृत्य, गीत, संगीत व अन्य प्रतिभाओं ने मन मोह लिया। खेल के माध्यम से खट्टी - मीठी यादों को ताजा किया गया। इन बैच लिए यह उत्सव सिर्फ एक पुनर्मिलन से कहीं अधिक था, यह मित्रता के स्थायी बंधन को आने वाले वर्षों तक उन्हें एक साथ बांधे रखेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्राचार्य हिमांशु कुनार के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षकों, पूर्व शिक्षकों, पूर्व छात्र - छात्राओं तीर्थराज तिवारी, अनंत साहू, प्रेमचंद अहिरवार, अदिति दुबे, चंद्रप्रकाश राजपूत, मयंक मिश्रा, अभिजीत तिवारी, पंकज राजपूत, श्रुति तिवारी, हर्ष, द्विवेदी, आस्तिक सोनी, अंश कश्यप, तनिष्क सोनी, आर्या चंद्राकर व अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।




---

### आत्मानंद सकरी स्कूल का परिणाम रहा उत्कृष्ट

**सकरी।** आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। 12वीं 60% परीक्षा परिणाम प्राप्त किया, वहीं 10वीं में इंग्लिश मीडियम में 100% तथा हिंदी मीडियम में 75% परीक्षा परिणाम रहा। । 12वीं वाणिज्य हिंदी मीडियम से चांदनी साहू ने 86.8%, विद्या वस्त्रकार ने 86%, प्रिन्सी साहू ने 81.4% , 12वीं कला से सविता सूर्यवंशी ने 66.8%, मनीषा कौशिक ने 61.2% तथा 12वीं विज्ञान से मनीषा साहू ने 62.8% प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। इंग्लिश मीडियम सकरी मैं दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा हिंदी मीडियम में दसवीं के बच्चों ने 75% परीक्षा परिणाम प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## शिक्षक ने किया छात्रा के साथ दुष्कर्म

**गौरेला।** जिले में छात्रा ने शिक्षक के विरुद्ध अपराध दर्ज कराया है कि वह जब 12 वर्ष की थी तब से शिक्षक उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। अपराध दर्ज होने के बाद से शिक्षक फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

गौरेला थाना क्षेत्र के ग्राम सारबहरा में रहने वाला शिक्षक महेंद्र सोनी जीपीएम जिले के एक प्रायमरी स्कूल में पदस्थ है। उस पर आरोप है कि वह स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ 12 वर्ष की उम्र से दुष्कर्म करता आ रहा है। शिक्षक उस छात्रा से बालिग होने के बाद शादी करने का झांसा भी देता आया है। छात्रा अब बालिग हो गई है वहीं शिक्षक भी शादीशुदा है। यह पूरा मामला तब प्रकाश आया, जब छात्रा गर्भवती हो गई। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजन को आपबीती सुनाई। छात्रा ने परिजन के साथ थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी शिक्षक महेंद्र सोनी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 पॉक्सो, 294, 342, 376 का, 376 एन और 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शिक्षक के विरुद्ध अपराध दर्ज होने के बाद इसकी जानकारी आरोपी शिक्षक को हुई तो वह फरार हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने बताया कि छात्रा के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामला संज्ञान में आया है। परिजन ने शिकायत दर्ज कराई है। हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया जाए। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं अनीता मुरारका सर्वसाधारण को यह सूचित कर रही हूँ कि मेरे सुपुत्र कान्हा मुरारका के पासपोर्ट मे मेरा सही नाम अनीता मुरारका (ANITA MOORARKA) के स्थान पर त्रुटिवश अनीतम मुरारका (ANITAM MOOR ARKA)हो गया है जो कि गलत है

अत: मेरे सभी दस्तावेजो में एवं आधारकार्ड,पेन कार्ड आदि में सही नाम अनीता मुरारका पति-मनीष मुरारका अंकित हैं जो कि सत्य एवं सही हैं
सो सूचना जानें।
बिलासपुर

भवदीय
श्रीमती अनीता मुरारका
पति-मनीष मुरारका
वार्ड न. 31 नियर एयरटेल
आफिस, सरजु बगीचा बिलासपुर
(छ.ग.) मो 6264721453

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)


हरबंशलाल आजमानी
संरक्षक
( होटल सेंट्रल पॉइंट )
दुलाराम विधानी
संरक्षक
( होटल आनंदा इम्पीरियल )
रामअवतार अग्रवाल
संरक्षक
( ए.एस.फन )
सुनील छाबड़ा
संरक्षक
( होटल सूर्या )
सुरेंद्र सिंह छाबड़ा
संरक्षक
( होटल इंटरसिटी )
अशोक टुटेजा
संरक्षक
( होटल ग्रांड अम्बा )
अटल श्रीवास्तव
संरक्षक
( कंट्री क्लब )
BHRA
Bilaspur Hotel & Restaurant Association
श्री सन्नी अजमानी को
बिलासपुर होटल एवं रेस्टोरेंट एसोशिएशन
के अध्यक्ष बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....
सन्नी अजमानी
अध्यक्ष
प्रतीक उपवेजा
सचिव
(होटल जीत कान्टिनेंटल)
हरदीप सिंह सलूजा
कोषाध्यक्ष
(होटल इंटरसिटी)
अमित अजमानी
उपाध्यक्ष
(होटल सेंट्रल प्वाइंट इंटरनेशनल)
अंकित छाबड़ा
उपाध्यक्ष
(होटल द एमराल्ड)
रितेश शाह
संयुक्त सचिव
(रेस्टोरेंट सिल्वर स्पून)
सुमीत टुटेजा
संयुक्त सचिव
( होटल ग्रांड अम्बा )
अमित पाल टुटेजा
मुख्य सदस्य
( होटल डाउन टाउन )
सुरेंद्र गुंबर
( होटल बिलासपुर सिटी )
अशोक अजमानी
( होटल आनंद )
प्रकाश सोंथालिया
पूर्व अध्यक्ष
( होटल गीता )
राजेंद्र आजमानी
( सेंट्रल पॉइंट इंटरनेशनल )
हितेश अजमानी
( होटल सेंट्रल पाइंट )
सुमित विधानी
( होटल आनंदा इम्पीरियल )
देवाशीष सिंह
( ग्रैंड लोटस )
आकाश जीवनानी
( होटल हेवेन्स पार्क )
गौरव छाबड़ा
( होटल सूर्या )
अनिल एन कंजानी
( होटल विनायक पैलेस )
ऋतुराज बाजपेयी
( द ईस्ट पार्क )
रोहन शाह एथलीट
( टोपाज होटल )
सूरज जिवनानी
( जीके ग्रुप द्वारा ओआरओ )
मनीष टेंभुर्निकर
( दिल्ली बिरयानी सेंटर/ दावाटेडिल रेस्टोरेंट )
नीरज कछवाहा
( होटल श्री श्याम इंटरनेशनल )
शंकर कछवाहा
( होटल शुभ श्री )
रवि पमनानी
( होटल माहौल )
रितेश चौकसे
( महेश स्वीट्स )
गुरप्रीत सिंह
( होटल सफ्रोन )
शरद अग्रवाल
( होटल शारदा )
इंद्रजीत सिंह सलूजा
( होटल प्रीत )
मंसूर वनक
( न्यू भगत लॉज )
प्रखर भास्कर
( होटल रीगल )
मनीष अग्रवाल
( होटल नेचर व्यू, होटल मंगल श्री )
अजय पमनानी
( होटल पूनम )
श्रेयस सेलारका
( होटल सिल्वर ओक )
आशीष कछवाहा
( होटल श्री श्याम इंटरनेशनल )
मनीष कछवाहा
( होटल श्री श्याम इंटरनेशनल )
संजय जैन
( होटल महावीर पैराडाइज )
अब्दुल अजीज खत्री
( मद्रासी रेस्टोरेंट )
विनीत : बिलासपुर होटल एवं रेस्टोरेंट एसोशिएशन
# MGR

**खबर संक्षेप**

### आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर आज

**बिलासपुर।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की शहर इकाई द्वारा निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर 12 मई को क्रांति नगर, हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है। इसमें डा. नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी सेवाएं देंगे।

### सीएसएमटी-बालेश्वर के बीच समर स्पेशल का फेरा

**बिलासपुर।** समर के दौरान रेल यात्रियों की मांग एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एवं बालेश्वर के बीच एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा 18 मई से मिलेगी। जानकारी के अनुसार 01055 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बालेश्वर समर स्पेशल 18 मई शनिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना होगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा से 01056 बालेश्वर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस समर स्पेशल 20 मई सोमवार को बालेश्वर से रवाना होगी। यह ट्रेन कुल 22 कोच के साथ अपने गंतव्य को रवाना होगी।

### पुणे-बालेश्वर के बीच दौड़ेगी समर स्पेशल

**बिलासपुर।** समर के दौरान रेल यात्रियों की मांग एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुणे एवं बालेश्वर के मध्य एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए 01451 पुणे-बालेश्वर समर स्पेशल 18 मई शनिवार को पुणे से रवाना होगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा से 01452 बालेश्वर-पुणे समर स्पेशल 20 मई सोमवार को बालेश्वर से रवाना होगी। यह ट्रेन 22 कोच के साथ अपने गंतव्य को रवाना होगी।

### मिनीबस्ती में युवक को बेरहमी से पीटा

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ बेरहमीपूर्वक मारपीट की गई। घायल युवक को सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, घुरू महादेवनगर निवासी लक्ष्मण बंजारे पिता तिहारी बंजारे 10 मई की रात 9.30 जरहाभाठा मिनीबस्ती रविदास मंदिर के पास गया था। इसी दौरान पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए मुकेश टंडन उर्फ गोला, विक्की टंडन उर्फ लंगड़ू एवं उसके साथियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, लोहे का पाइप, डंडा व अन्य वस्तुओं से बेरहमीपूर्वकी पिटाई कर दी। युवक के बेहोश होने पर हमलावर छोड़कर भाग गए। जानकारी होने पर परिजन ने घायल लक्ष्मण बंजारे को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया।

# शहर में आवारा कुत्तों का आतंक, नजर नहीं आता निगम का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। ऐसी कोई गली या मोहल्ला नहीं है जहां पर आवारा कुत्तों से लोग परेशान न हों। जगह-जगह आवारा कुत्तों का झुंड लगा रहता है और रात में गुजरने पर ये आवारा कुत्ते भौंकने के साथ काटने के लिए दौड़ते हैं।

- गली-मोहल्लों में कुत्तों का झुंड
- रात में काटने दौड़ाते हैं

शहर में आवारा घूमते कुत्तों पर किसी तरह की रोकथाम नहीं लग पा रही है। शहर की हर गली-मोहल्लों में आवारा कुत्तों का झुंड नजर आता है, जो रात के समय और खूंखार हो जाते हैं। ये मुख्य मार्ग और चौक-चौराहों से गुजरने वाले बाइक व साइकिल सवारों को काटने के लिए दौड़ते हैं और काफी दूर तक उनका पीछा भी करते हैं। इससे बाइक व साइकिल सवार कई बार दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं। सबसे ज्यादा परेशान मॉर्निंग वॉक करने वाले लोग हैं।महिलाएं, बुजुर्ग सभी दहशत के बीच मॉर्निंग वॉक करने को मजबूर हैं। शहर के गार्डन में भी कुत्तों के प्रवेश पर नगर निगम का अमला रोक नहीं लग पा रहा है।

नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्र में लगभग साढ़े आठ हजार कुत्ते हैं। इतनी अधिक संख्या होने के कारण इन्हें पकड़ा भी नहीं जा सकता है। इन आवारा कुत्तों की संख्या शहरवासियों के लिए समस्या बनी हुई है और कई क्षेत्रों में तो आवारा कुत्तों के चलते लोगों का सड़कों से गुजरना मुश्किल हो गया है। नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों की रोकथाम के लिए बधियाकरण जैसी योजना चलाई जा रही है, बावजूद इसके आवारा कुत्तों पर लगाम नहीं लग पा रही है और आवारा कुत्तों से लोग परेशान हैं।



यातायात थाना के पास कुत्तों का जमावड़ा।



जतिया तालाब के पास के ये कुत्ते लोगों को काटने दौड़ाते हैं।

**बुजुर्ग, बच्चे डाग बाइट के शिकार:** शहर एवं आसपास लगे एरिया में आवारा कुत्तों के 100 से ज्यादा झुंड हैं। इन झुंड में कम से कम डेढ़ से दो दर्जन तक के कुत्ते रहते हैं। झुंड में रहने से इनका आतंक भी बढ़ जाता है और यदि किसी पर हमला करते हैं तो लोग आसानी से बच भी नहीं पाते हैं। ये आवारा कुत्ते ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चों को अपना शिकार बनाते हैं। क्योंकि आवारा कुत्तों के हमला करने पर ये जल्दी भाग नहीं पाते हैं और डाग बाइट का शिकार होते हैं। कुत्तों के काटने से इलाज कराने अस्पताल पहुंचने वालों में 80 प्रतिशत मामले में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे शामिल रहते हैं।

### इन क्षेत्रों में आवारा कुत्ते अधिक

शहर के तालापारा, जरहाभाठा, तारबाहर, कुदूदण्ड, डबरीपारा, नेहरू नगर, शांतिनगर, भारतीयनगर, विनोबा नगर, विद्यानगर, जूना बिलासपुर, दयालबंद, सिंधी कालोनी, रेलवे कालोनी, हेमूनगर, रेलवे परिक्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, जबड़ा पारा आदि मोहल्लों में आवारा कुत्तों का झुंड नजर आता है। इन आवारा कुत्तों के झुंड की वजह से डाग बाइट का खतरा बढ़ जाता है।

### रैबीज इंजेक्शन लगा रहे

भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड का ये निर्देश है कि जहां से कुत्तों को उठाना है, वहीं पर उन्हें छोड़ना है। इसलिए आवारा कुत्तों का बधियाकरण और रैबीज इंजेक्शन लगाने के बाद उनका छोटा सा कान काटकर उन्हें फिर से उसी जगह पर पांच दिनों बाद छोड़ दिया जाता है। आवारा कुत्तों की रोकथाम के लिए उनका बधियाकरण कर रहे हैं और रैबीज इंजेक्शन भी लगाया जा रहा है।

-अनुपम तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी, ननि

शहर की प्रमुख सड़कों के साथ-साथ हाइवे पर भी नहीं दिखते हैं पत्थर

# सड़कों से माइलस्टोन गायब, सालों से नहीं हो रहा मेंटेनेंस, मरम्मत कर भूला विभाग



शहर की सबसे व्यस्त सड़क नेहरू चौक से माइल स्टोन गायब।



इंदिरा सेतु के पास लगा माइल स्टोन टूटकर नीचे गिर गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाइवे की सड़कों के किनारे लगाए गए माइलस्टोन अब सड़कों से ही गायब हो चुके हैं। लोक निर्माण विभाग इन माइलस्टोन की सुध नहीं ले रहा है। राहगीरों को एक जगह से दूसरे जगह के बीच दूरी बताने के वाले माइलस्टोन अधिकारियों की उदासीनता के चलते विलुप्त हो चुके हैं। ऐसे में लंबी दूरी तय करने में कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

शहर की ओर आने व बाहर जाने के समय सड़कों के किनारे बनाए गए इस मील के पत्थर की सुध लेने वाला कोई नहीं है। विभाग की अनदेखी के चलते इस सड़क के किनारे से गायब हो चुके हैं। आला अधिकारी इस संबंध में मानते तो है कि सभी प्रमुख सड़कों पर माइलस्टोन लगाना अनिवार्य है, लेकिन इसके होने या ना होने का सबूत उनके पास नहीं है। यूं तो कागजों में इसके मैनटेंनेस के लिए लाखों रूपए की राशि दर्शाई जाती है। विभाग द्वारा एनुवल फंड भी जारी किया जाता है। सड़क बनने के समय ही ठेकेदारों को माइलस्टोन लगाने की हिदायत भी दी जाती है, लेकिन बिलासपुर शहर के आसपास 50 किमी में यह माइलस्टोन दिखाई नहीं देती है। इसका कारण पूछने पर विभाग अपनी कमजोरियां गिनाने में लग जाता है। विभाग का कहना है कि इसके मैनटेनेंस के लिए कर्मचारियां ही नहीं है, इसके साथ ही साथ वे ये भी मानते है कि ठेकेदारों की लापरवाही के चलते सड़क बनने के बाद ही माइलस्टोन नहीं लगाया जाता है, जिसके कारण वर्तमान में यह माइलस्टोन दिखाई नहीं दे रहे।

### सभी सड़कों के लिए प्रावधान

हाइवे आर्थरिटी और नेशनल सर्वे ब्यूरो द्वारा निर्धारित शहर के सेंटर पांइट या जीरो पाइंट के बीच से इस दूरी होती है। जीरो माइल का पत्थर ब्रिटिश काल के समय से लगता आ रहा है। वहीं से सभी दिशाओं की दूरी मापी जाती रही है। माइलस्टोन लगाने के लिए सभी सड़कों के लिए प्रावधान किए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग की ओर से किसी भी सड़कों पर इसे लगाने के लिए गंभीरता नहीं दिखाई जाती है।

### लगवाए जाएंगे मील के पत्थर

माइल स्टोन और किलोमीटर स्टोन अनिवार्य किया गया है, एस्टीमेट में इसका प्रावधान किया गया है। फंड की व्यवस्था कर इसे लगाया जाएगा।

-वाईके गोपाल, एसई, लोनिवि

### कुछ और भी बताता है ये पत्थर

माइलस्टोन मुख्य तौर पर 6 रंगों से पेंट किए जाते हैं। जिसमें हरा, पीला, काला, लाल और सफेद रंग होता है। इस प्रकार के रंगों की भिन्नता इसके बनाएं गए एजेंसीस को दर्शाता है। जिसमें पीले और सफद रंग के पत्थर राष्ट्रीय राजमार्ग दर्शाते है इसके साथ ही हरे और सफेद रंग के पत्थर राज्य के राजमार्ग के लिए उपयोग होता है। नीले/काले और सफेद रंग की पट्टी वलो मील के पत्थर शहर व जिला की सड़क पर लगाए जाते हैं। ग्रामीण सड़क और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कों पर लाल और सफेद की पट्टी वाली माइलस्टोल लगाई जाती है। आम तौर पर शहर के कलेक्टर कार्यालय और गांवों के ग्राम पंचायत के बीच की दूरी दर्शायी जाती है।

एक दिन बाद लिखी गई एफआईआर

# रेलवेकर्मी पर चाकू से हमला कर मोबाइल लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक दिन पूर्व देर रात ड्यूटी से घर लौट रहे रेलवेकर्मी को रोककर दो नकाबपोशों ने बैग लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर चाकू से हमला कर मोबाइल लूटकर भाग गए। हमले में रेलवेकर्मी का हाथ कट गया। पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने गया तो बिना रिपोर्ट लिखे थाने से बैरंग लौटा दिया गया। एक दिन बाद एएसपी के निर्देश पर लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट लिखी गई है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी मो. इजराइल 9 मई की रात 1.40 बजे ड्यूटी करने के बाद रेलवे स्टेशन में ट्रेन से उतरकर पैदल घर लौट रहे थे। तारबाहर ग्राउंड उर्दू स्कूल के पास बिना नम्बर की बाइक में सवार नकाबपोश दो युवक आए और उनके हाथ से थैला लूटते हुए गिरा दिया। उसके बाद भी उन्होंने बैग नहीं छोड़ा तो नकाबपोशों ने चाकू से हमला कर दिया। बचाव करने के दौरान उनके हाथ में चोट आई। उसके बाद नकाबपोश उनकी जेब से 410 रुपए नकद व मोबाइल लूटकर भाग गए। डर में रात को रेलवेकर्मी अपने घर चले गए। दूसरे दिन 10 मई की सुबह वह रिपोर्ट लिखाने के लिए तारबाहर थाना गए। थाने में उपस्थित कर्मचारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया और घंटों थाने में बैठाकर रखा। उसके बाद बिना रिपोर्ट लिखे थाने से बैरंग लौटा दिया गया था। 11 मई को सोशल मीडिया में खबर जोरों से वायरल हुई। उसके बाद उच्च अधिकारी हरकत में आए। घटना के एक दिन बाद 11 मई को पीड़ित रेलवेकर्मी को थाने में बुलाकर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया गया है।



चाकू के हमले से रेलवेकर्मी का हाथ कट गया और उससे खून बहने लगा।

### छुट्टी लेने चला गया

घटना के दूसरे दिन सुबह पीड़ित थाने गया था। आनलाइन एफआईआर होने पर उसे बैठने कहा गया था। वह बिना रिपोर्ट लिखाए रेलवे हास्पिटल इलाज कराने चला गया। उसके बाद छुट्टी लेने आफिस चला गया था। पीड़ित को थाने में बुलाकर मामले में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

-उमेश कश्यप, एडीशनल एसपी

कला के क्षेत्र में दिया विशेष योगदान

# अटल ने किया पद्मश्री रामलाल का सम्मान



**बिलासपुर।** प्रसिद्ध नर्तक रामलाल बरेठ को रायगढ़ घराने को सहेजने एवं कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुरमू के हाथों पद्मश्री से सम्मानित होकर आज बिलासपुर पहुंचने पर उनके मंगला स्थित निवास पर लोगों ने स्वागत किया।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव पद्मश्री श्री बरेठ के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कथक नृत्य को गुरूजी ने अपने मेहनत और लगन के बल पर साधना से ऊंचाईयां हासिल की जिसका लाभ उनके शिष्यों को आज बिलासपुर छत्तीसगढ़ देश एवं विदेश में भी प्राप्त हो रहा है। श्री बरेठ को पद्मश्री मिलना बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ को गौरव की बात है। इस अवसर पर अभयनारायण राय भी मौजूद थे।

# रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों का धावा, जेवर व कार लेकर भागे चोर

**बिलासपुर।** रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवर व कार चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, चेकडेम शारदानंदनगर निवासी रेलवेकर्मी पी. सोम शेखर राव की पत्नी व बच्चे गर्मी की छुट्टी में घूमने के लिए मायके विशाखपट्नम गए थे। श्री राव घर के दरवाजे में ताला लगाकर पत्नी-बच्चों को लेने के लिए विशाखापट्टनम चले गए। इसी दौरान 10 मई की रात सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला। उनके हाथ केवल सोने की दो अंगूठी, एक जोड़ी पायल लगी। तलाशी के दौरान चोरों को कार की चाबी मिल गई। कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर चोर उनकी वेगनआर क्रमांक सीजी 10 बीपी, 6523 को लेकर भाग गए। 11 मई की सुबह उनके पड़ोसी मनोज सिंह ने देखा कि श्री राव के घर का दरवाजा खुला हुआ है और कार गायब है।

उन्होंने तत्काल श्री राव को फोन कर चोरी की जानकारी दी। श्री राव अपनी भाभी पी माधवी लता पति पी श्रीनिवास राव को चोरी की जानकारी देकर घर जाकर देखने को कहा। उनकी भाभी श्रीमती राव ने उनके घर जाकर देखा तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी खुली हुई थी। श्रीराव के कहने पर उनकी भाभी श्रीमती राव चोरी की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



घर में बिखरा सामान।

# चाकू से हमला कर लूट की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंट्रोलपंप कर्मी पर चाकू से हमला कर नकद रकम लूटी की कोशिश करने वाले नाबालिग सहित दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया कि सीपत चौक स्थित सरजू पेट्रोल पंप में पुराना सरकण्डा माता चौरा निवासी कान्हा साहू पिता दिलहरण साहू पेट्रोल डालने के काम करता है। 10 मई की सुबह 10 बजे चटर्जी गली निवासी आनंद स्प्रे पिता अर्जुन स्प्रे 23 साल नाबालिग साथी के साथ उक्त पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने आया। कान्हा साहू हाथ में पैसा रखकर पेट्रोल भर रहा था। इस दौरान दोनों की नीयत खराब हो गई और उसके हाथ से पैसा लूटने की कोशिश करने लगे। उसने मना किया तो नाबालिग ने अपने पास रखे चाकू से कर्मचारी श्री साहू पर हमला कर दिया। जिससे उसके दाहिने हाथ, भुजा, कलाई में चोट आई। चाकूबाजी की वारदात से पेट्रोलपंप में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने हिम्मत दिखाते हुए हमलावर नाबालिग व उसके साथी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने कान्हा साहू की रिपोर्ट पर धारा 394, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।




# गिफ्ट भेजने का झांसा देकर बेवा से 3 लाख 61 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फेसबुक में पहचान बनाने के बाद गिफ्ट में कीमती सोने का जेवर भेजने का झांसा देकर बेवा महिला से 3 लाख 61 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, धौंराभाठा निवासी संध्या रत्नाकर 24 साल की शादी बलौदाबाजार में हुई थी। पति को छोड़कर वह मायके रह रही है। इसी बीच उन्होंने फेसबुक में शादी का विज्ञापन देखकर दिए गए मोबाइल नम्बर में संपर्क किया। उसके बाद दोनों वाट्सएप में बातचीत करते रहे। मोबाइलधारक ने महिला से कहा वह हार्ट पेशेंट है और उसे शादी करने के बाद उसके बच्चों के साथ रखने की बात कही। उसके बाद उसने गिफ्ट में कीमती सोने का जेवर भेजने की बात कही। ऐसे ही वह कई तरह के बहाने बताकर गिफ्ट को भेजने के लिए बैंक एकाउंट नम्बर भेजकर पैसा ट्रांसफर करने को कहा। उसके बाद बेवा महिला गिफ्ट के लालच में आकर पैसा ट्रांसफर करने लगी। इस तरह उसने 3 लाख 61 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया, उसके बाद भी गिफ्ट नहीं आया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 420, 66 आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।









11-MAY-REGNOL-pg-4-AITER_Layout 1 5/11/2024 11:54 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विश्व मातृ दिवस पर वृद्ध माताओं का सम्मान आज

**बिलासपुर।** प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति द्वारा 12 मई को सिविल लाइन कल्याणकुंज वृद्ध आश्रम में शाम 6.30 बजे से विश्व मां दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर यहां रहने वाली वृद्ध माताओं का अतिथियों द्वारा सम्मान किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, चौकसे कालेज के एमडी आशीष जायसवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद रविन्द्र सिंह करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि पूजा खनूजा होगी। विशिष्ट अतिथि डा. तरु तिवारी, विरेन्द्र गहवई, शिवा मुदलियार, रंजीत सिंह खनूजा, माग्रेट बेंजामिन होंगे। कार्यक्रम के आयोजक विजय दुबे, दीपक मिश्रा, नीरज जैन, मनीषा जैन, रिया, आकाश दुबे, आदर्श विश्वकर्मा, नरेन्द्र सिंह चंदेल, धनंजय चंद्रवंशी से लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### पक्षियों के लिए शुरू किया दाना-पानी प्रोजेक्ट

**बिलासपुर।** गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत देने के लिए माहेश्वरी समाज की सखियों द्वारा 10 दिवसीय दाना-पानी प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसके तहत पक्षियों को अपनी छत या बगीचे में दाना पानी दिया जाएगा। यह प्रदेश का पहला प्रोजेक्ट था। सभी सखियों ने इसमें भागीदारी निभायी। समाज की श्रीमती किरण माहेश्वरी ने बताया कि मौसम को देखते हुए पक्षियों की सेवा का ये कार्य महादान की तरह है। अक्षय तृतीया पर ये कार्य किरण महेश्वरी, अंजना, विनिता, ममता, सरोज, नीता, रेखा, सरिता, ज्योति, नीलम सभी सखियों ने प्रारंभ कर इसमें भागीदारी निभाई। अभियान को लेकर समाज के लोगों में काफी जागरुकता आई है। महेश्वरी समाज के लोग अब अपने घर की छतों व बगीचे में पक्षियों के लिए खाने के लिए दाना व पीने के लिए पानी उपलब्ध कराएंगे। इसका उद्देश्य पक्षियों को इस भीषण गर्मी में दाना-पानी के लिए भटकना न पड़े।

### पं. रामलाल बरेठ को पद्मश्री सम्मान

**बिलासपुर।** मंगला निवासी एवं रायगढ़ कथक घराने के प्रमुख स्तंभ गुरु पं. रामलाल बरेठ को राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू ने पदमश्री सम्मान से सम्मानित किया। संगीत परिवार में जन्में पण्डित रामलाल की कथक की नृत्य शिक्षा का कार्य 4 वर्ष की अल्पायु में अपने पिता के सानिध्य में आरंभ हुआ। 10 वर्ष की अल्पायु में ही रायगढ़ दरबार में कला मर्मज्ञों के सम्मुख पं. रामलाल का नृत्य प्रदर्शन हुआ। जिसे देखकर महाराजा चक्रधर सिंह बहुत प्रसन्न हुए और उन्होने जयपुर के गुरू पं जयलाल महाराज से नृत्य शिक्षा की व्यवस्था कर दी। राजा चक्रधर सिंह स्वयं गायन, वादन एवं नृत्य के विद्वान थे। वे भी पण्डित रामलाल को नृत्य की शिक्षा देने लगे। पं. रामलाल ने नृत्य की शिक्षा राजा चक्रधर सिंह, पं. जयलाल महाराज तथा पिता स्व. पं कार्तिक राम से गुरू-शिष्य परंपरा में प्राप्त की। पं रामलाल को नृत्य के अतिरिक्त तबला वादन तथा गायन में भी समान अधिकार है। उन्हें लखनऊ सम्मेलन में प्रथम बार मंच पर आने के बाद से ख्याति मिलना आरंभ हुई।

### स्काउट्स गाइड्स रोवर्स रेंजर्स सम्मानित

**बिलासपुर।** भारत स्काउट गाइड द्वारा प्याऊ घर के माध्यम से जल सेवा कार्य में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स तथा संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देश पर बिलासपुर सहित पूरे राज्य में 9 अप्रैल से प्याऊ घरों का संचालन शुरू किया गया था। बिलासपुर जिले में 8 स्थानों पर प्याऊ घर लगाए गए थे। शहर के नेहरू चौक कलेक्टोरेट के सामने अरपा कम्युनिटी रेडियो 90.8 बिलासपुर तथा महामाया चौक में जिला संपर्क प्रमुख बनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से प्याऊ घर का संचालन किया गया। शुक्रवार 10 मई को सेजेस लाला लाजपतराय उमावि खपरगंज के कार्यक्रम में प्याऊ घर के माध्यम से जल सेवा कार्य में सहभागिता देने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जगह-जगह निकाली गई जीवंत झाकियां, पूजा-अर्चना कर किया प्रसाद का वितरण

# भव्य झांकी के साथ निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीपीएम

अक्षय तृतीया 10 मई शुक्रवार को ब्राह्मण महासभा मरवाही द्वारा स्थानीय आरजी मिक्सड मिडियम स्कूल में अखंड कोटि ब्रह्मण्ड नायक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव भगवान परशुराम की पूजन अर्चन से प्रारंभ हुई।

आचार्य पण्डित गोवर्धन तिवारी, पंडित कमाता प्रसाद शर्मा एवं पंडित दर्शन प्रसाद दुबे के आचार्यत्व में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना कर अभिषेक के साथ हवन, आरती पश्चात जय कारे लगाए गए। पूजन कार्य में ब्राह्मण महासभा के समस्त विप्रों के प्रतिनिधि स्वरूप अधिवक्ता पंडित शिवशंकर तिवारी, किरण तिवारी, पंडित सतीश तिवारी, विजय लक्ष्मी तिवारी ने मुख्य यजमान के रूप में पूजा संपन्न कराया। इस दौरान ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। सभा में सर्वप्रथम ब्राह्मण महासभा मरवाही के अध्यक्ष पंडित मोहन राम मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। संगोष्ठी में सिवनी ग्राम के पंडित कमाता प्रसाद शर्मा, पंडित सीताराम तिवारी, शैलेश तिवारी, छेदीलाल शर्मा, सुरेन्द्र दुबे, रामभुवन शर्मा, राम जियावन शर्मा, विन्ध्येश्वरी मिश्रा, दीपक शर्मा, कृष्ण दत्त मिश्रा, चिचगोहना से पंडित दर्शन प्रसाद दुबे, लालमणि दुबे भर्रीडांड से पंडित देवनारायण दुबे अमेरा से पंडित परमेश्वर तिवारी मरवाही से पंडित प्रेमचंद शर्मा, शिवशंकर तिवारी, नारायण शर्मा, पराशी से पंडित मोहनराम चतुर्वेदी निमाधा से पंडित संजय पाठक का अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ नगर में निकाली गई।जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुषों के साथ विप्र जन पारंपरिक परिधान में सम्मिलित हुए। विश्व हिंदू परिषद के स्थानीय संयोजक अजीत राय एवं रवि प्रजापति द्वारा शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित धर्मेंद्र पांडेय, अनूप , अशोक दुबे, दीपक तिवारी, पंडित परमेश्वर मिश्रा आदि ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में बृज बिहारी शुक्ला, आशीष शुक्ला, हेमंत शुक्ला, दिवाकर तिवारी, विनय चौबे, बसंतशर्मा, घनस्याम उपाध्याय , अमित तिवारी , शैलेश महाराज, मनोज, अक्षय दुबे आदि के साथ मरवाही क्षेत्र के बहुत संख्या में महिला पुरुष विप्रजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष मोहन राम मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन ब्राह्मण महासभा के संयोजक पंडित गोवर्धन तिवारी ने किया।




भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकली शोभयात्रा में शामिल श्रद्धालुजन व महिलाएं।

### शिव हनुमान मंदिर नाका चौक में विशेष पूजा



**करगी रोड कोटा।** शिव हनुमान मंदिर नाका चौक में परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुख समृद्धि और सौभाग्य का त्योहार माने जाने वाले अक्षय तृतीया को लेकर मंदिरों में धूम रही। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ का आयोजन हुआ। ग्रामीण तथा नगर के लोगों ने अपने घरों में भी अक्षय तृतीया पर्व पर गुड्डे गुड़िया का विवाह करा नकली शादी करा मनोरंजन किया। बाजार में सोने-चांदी के आभूषण खरीद कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। शिव हनुमान मंदिर मन्दिर के पूजारी गोलू महराज ने पूजा-पाठ हवन कर परशुराम के गुणों का बखान कर उनकी स्तुति व आरती कर जन कल्याण के सुख शांति के लिए भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया उक्त अवसर पर राकेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, रघुराज सिंह, मुक्कू गुप्ता, छोटू महाराज समेत श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पेंड्रा में जयकारों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा




**पेंड्रा।** सर्व ब्राह्मण परिषद एवं परसुराम सेना पेन्ड्रा के द्वारा अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया। समाज के द्वारा स्थानीय राम मंदिर पुरानी बस्ती में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा के समक्ष विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर अभिषेक के साथ हवन, आरती की गई।

शोभायात्रा की शुरूआत राम मंदिर पुरानी बस्ती से हुई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से इस अवसर पवन त्रिपाठी, आदित्य पांडे, आलोक तिवारी, डॉ संजय शर्मा, चंदन मिश्रा, उज्जवल तिवारी, डां मृत्युजंय शर्मा, सचिन तिवारी, शिव शंकर तिवारी, ज्ञानेंद्र चर्तुवेदी ,उपेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण पान्डेय, राकेश चर्तुवेदी, श्रीकांत चतुर्वेदी, जयदत्त तिवारी, पंकज तिवारी, अनुपम पान्डेय, देवेन्द्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, रत्नेश तिवारी, राकेश तिवारी, सत्या पाण्डेय, प्रदीप शर्मा, अक्षय तिवारी, सुशील शर्मा,प्रखर तिवारी, आशुतोष दुबे, राकेश शर्मा, प्रवेश शर्मा, विरेन्द्र मिश्रा, पंकज तिवारी, श्रीकांत चर्तुवेदी, कृष्णा तिवारी, बलराम तिवारी, राकेश त्रिपाठी, मुकेश शर्मा, रामेश्वर तिवारी, चंद्रकांत शर्मा, अक्षय तिवारी, ओम प्रकाश पांडेय, राकेश दुबे, अरुण शर्मा, विकास शर्मा, धनन्जय शर्मा, प्रशांत मिश्रा, रमेश मिश्रा, गगन मिश्रा, स्वपनिल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, राजेद्र पाण्डेय, संतोष तिवारी, सोमेंद्र शुक्ला, रमेश चतुर्वेदी, मदन पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, मनीष शुक्ला, आशुतोष शर्मा, शैलेन्द्र चर्तुवेदी, आनंद पाण्डेय, मोहनी शंकर तिवारी, समय लाल मिश्रा, देवेंद्र अग्निहोत्री, आदि सहित महिलाएं एवं बच्चे, विप्र समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भागीदारी निभाई।

### अफसरों ने लिया एटीआर में ग्रीष्मकालीन वन्यजीवों का आंकलन प्रशिक्षण



**लोरमी।** एटीआर का ग्राम शिवतराई इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में ग्रीष्मकालीन मॉनिटरिंग कार्य के अंतर्गत ट्रैप केमरा स्थापना हेतु डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के सदस्य उपेन्द्र दुबे, मॉलविका एवं अन्य सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्रीय निदेशक मनोज पांडेय एवं उपनिदेशक यूआरगणेश के मार्गदर्शन में का ग्रीष्मकालीन आयोजित प्रशिक्षण में अचानकमार टाईगर रिजर्व अंतर्गत सहायक संचालक कोर, सहायक संचालक बफर, समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी कोर एवं बफर, समस्त परिक्षेत्र सहायक, समस्त परिसर रक्षक एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यायल से फारेस्ट्री के 20 से 25 विद्यार्थी उपस्थित रहें। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के सदस्यों द्वारा इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में मॉनिटरिंग कार्य अंतर्गत ट्रेप केमरा स्थापना के संबंध में बेसिक जानकारी देर फील्ड में ट्रेप केमरा लगाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। अचानकमार टाईगर रिजर्व में ग्रीष्मकालीन मॉनिटरिंग कार्य के अंतर्गत 15 मई से 2 वर्ग किमी. की चिन्हांकित ग्रीड पाईंट में ट्रेप केमरा स्थापित कर वन्यप्राणियों की आंकलन किया जावेगा।

## आत्मानंद स्कूल में लाटरी से होगा चयन

**मुंगेली।** शाला में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु राज्य स्तर से ऑनलाइन प्राप्त आवेदनो का पात्र अपात्र, दावा आपत्ति पश्चात 15 मई को लाटरी के द्वारा चयन की प्रक्रिया अधिकारी एवं पालको के समक्ष की जाएगी।

प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने बताया कि अंग्रेजी माध्यम में कुल 174 सीट के विरूद्ध 1101 आवेदन एवं हिन्दी माध्यम में 206 सीटों के विरूद्ध कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए है। रिक्त सीट के विरुद्ध अधिक पात्र आवेदक होने के कारण लॉटरी से चयन किया जाएगा। इसके लिए निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन किया जाएगा एवं संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। कक्षावार कुल रिक्त सीट के विरुद्ध 50 प्रतिशत सीट में बालिकाओं को प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त 50 प्रतिशत संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बी.पी.एल. एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। शेष 25 प्रतिशत सीटों पर अनारक्षित वर्ग आवेदक बच्चों का लॉटरी सिस्टम से चयन कर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु कक्षा पहली को छोड़कर शेष कक्षा 2री से 12वीं तक की कक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम से पढ़कर आने वाले बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। एलकेजी एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की



आयु 31 मई 2024 की स्थिति क्रमशः 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह एवं 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा एलकेजी, यूकेजी, 1ली से 6वीं तक एवं कक्षा 11 वीं में रिक्त सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने एवं हिन्दी माध्यम में कक्षा 2री से 5वी तक एवं कक्षा 10वीं तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अधिक आवेदन होने के कारण लॉटरी पद्धति से प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। तद्नुसार पात्र अपात्र आवेदकों के सूची का प्रकाशन 13 मई को दोपहर 2 बजे तक, दावा आपत्ति 14 मई को सुबह 11 से 3 बजे तक, दावा आपत्ति का निराकरण 14 मई को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक, लॉटरी पद्धति से अभ्यर्थी का चयन 15 मई को 10.30 से 4 बजे तक, प्रवेश हेतु चयन सूची का प्रकाशन 15 मई को 5 बजे तक किया जाएगा।

### जांजगीर चाम्पा जिले को जोड़ने वाली सड़क का कार्य प्रगति पर

**मल्हार।** एक करोड़ 20 लाख की राशि से जांजगीर चाम्पा जिले को जोड़ने वाली सड़क के बन जाने से दोनों जिलों के लोगों को राहत मिलेगी। दरअसल मां डिडनेश्वरी मंदिर से लीलागर नदी में बने एनीकट तक का यह रास्ता वर्षों से जीर्ण अवस्था में पड़ा था। जिसके चलते आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती थी। परन्तु अब जल्द ही बरसात के पहले ही मंदिर से डेम तक का रास्ता पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इस मार्ग के बन जाने से जांजगीर जिले से कनेक्टिविटी बनेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने बताया कि इस 4 किमी के मार्ग में दो फेज में काम हो रहा है। जिसमें मंदिर से पुरेना तालाब तक सीसी टॉप का काम 24 लाख की राशि से पूरा हो गया है। वही 96 लाख की राशि से पुरेना तालाब से डेम तक तक बेस सहित टॉप का काम चल रहा है जो बरसात तक पूरा हो जाएगा।



#### बरसात से पहले तैयार

मल्हार व आसपास के गावों की बहुप्रतिक्षिय मांग जल्द पूरी होने वाली है। एक करोड़ से ज्यादा की राशि से बन रहे इस सीसी सड़क को गुणवत्तापूर्ण बनाने निगरानी हो रही है। बरसात से पहले सड़क तैयार हो जाने की संभावना है।

-केएन उपाध्याय, इंजीनियर

## डाक्टरों ने बच्ची के गले से निकाला एक रुपए का सिक्का

**मुंगेली।** खेल-खेल में 3 वर्षीय बालिका ने 1 रुपए का सिक्का मुंह से निगल लिया। खाने की नली में सिक्का फंस जाने से बच्ची की स्थिति खराब हो रही थी। जिला अस्पताल में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.के. राय, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार की टीम ने बच्ची के गले से सिक्के को बाहर निकाला।

जिला अस्पताल में सामान्य रोगों के साथ ही रिफर किए जाने वाले केसो को भी ध्यान देकर निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोरमी ब्लॉक से आए 3 वर्षीय बच्ची ने खेल-खेल में 1 रूपए का सिक्का निगल गई थी। परिजनों ने आसपास के डॉक्टरों को दिखाकर सिक्का बाहर करने का प्रयास किए किंतु सफलता नहीं मिलने पर जिला चिकित्सालय मुंगेली में बच्ची को लेकर आए। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एमके राय, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार की टीम ने बच्ची के गले से सिक्के को बाहर निकाला। जिला अस्पताल में बच्ची का स्वास्थ्य ठीक है।



## जेसीज स्कूल में 10वीं का 80% व 12वीं का 62% रहा परीक्षा परिणाम

**मुंगेली।** जेसीस पब्लिक हायर सेकेन्डरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुंगेली का 10वीं कक्षा का परिणाम 80 प्रतिशत व 12वीं का 62 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान पर दिव्यांश निषाद 95.16 प्रतिशत एवं 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान पर केतन देवांगन 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में जेसीज स्कूल का प्रदर्शन अच्छा रहा।

हाईस्कूल 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान पर दिव्यांश निषाद 95.16 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर गौरव साहू 90 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर सानिया गुप्ता 87.66 प्रतिशत रहे। क्रमशः स्नेहिल बघेल 87.16 प्रतिशत, वंशिका नामदेव 87 प्रतिशत, अनीमेष राजपूत 85.83 प्रतिशत, योगिता पाठक 84.33 प्रतिशत, शिवानी निर्मलकर 81.83 प्रतिशत,



क्षिप्रा शर्मा 80.83 प्रतिशत, स्वप्नील तंबोली 80.83 प्रतिशत, स्मृति देवांगन 79.33 प्रतिशत, टाकेश्वर साहू 79.16 प्रतिशत, प्रणव राजपूत 78.66 प्रतिशत, अंकिता बंजारे 76.83 प्रतिशत, साक्षी सोनी 75.5 प्रतिशत, राकेश सोनकर 72.66 प्रतिशत, मानषी जोगी 72.5 प्रतिशत, केशरी साहू 72 प्रतिशत, रोशनी तंबोली 71.66 प्रतिशत, रमा साहू 70.66 प्रतिशत, रौनीत देवांगन 70 प्रतिशत, अनुभव गुप्ता 68.83 प्रतिशत, राशि तंबोली 67.66 प्रतिशत, समृद्धि ठाकुर 67.17 प्रतिशत, हिमेश आहिरे 65.83 प्रतिशत, अमृता सोनी 65 प्रतिशत, रोशनी यादव 64.5 प्रतिशत, दिव्यांशु जायसवाल 63.33 प्रतिशत, कान्हा केशरवानी 63 प्रतिशत, अतुल वैष्णव 62.66 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान पर केतन देवांगन 86.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर आस्था बांधले 82.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर राशि जायसवाल 81.4 प्रतिशत रहे। क्रमशः शुभांगी तिवारी 79.2 प्रतिशत, अंशिका सिंह 76.4 प्रतिशत, हर्ष कश्यप 75.8 प्रतिशत, शारदा दीक्षित 74.4 प्रतिशत, सोमेश निर्मलकर 74.2 प्रतिशत, आरती देवांगन 74 प्रतिशत, पंकज राजपूत 73.6 प्रतिशत, प्रथम ठाकरे 71.8 प्रतिशत, मेधा सोनी 71.6 प्रतिशत, खुशी देवांगन 70.2 प्रतिशत, शुभांशु तिवारी 68.2 प्रतिशत, वंशिका ठाकुर 67 प्रतिशत, नूर मासीफा 66.8 प्रतिशत, दीपिका पाठक 63 प्रतिशत रहा।

## विकासखंडवार मानव संसाधन, अधोसंरचना विकास सहित विभिन्न बिंदुओं पर की गई चर्चा

# कलेक्टर ने ली अफसरों की बैठक, दिए बिजली व्यवस्था सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर राहुल देव ने ली। उन्होने जिले में बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विकासखंडवार विद्युत आपूर्ति, मानव संसाधन, अधोसंरचना विकास सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है, इसलिए संबंधित अधिकारी विद्युत की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें। उन्होंने घोषित बिजली कटौती की सूचना दो दिवस पूर्व आम लोगों को देने के निर्देश दिए।



बिजली विभाग की बैठक लेते कलेक्टर।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के गली-मोहल्लों में झूलती हुई तार की मरम्मत कराने, रिले डिवाइस तथा इंसुलेटर को मजबूत करने, ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में तत्काल बदलने और नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए प्रस्ताव भेजने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सब स्टेशनों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, लाइन एवं पोल शिफ्टिंग, लो वोल्टेज की समस्या सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और बेहतर कार्ययोजना के साथ उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि कहीं भी विद्युत कटौती से शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल वहां कर्मचारियों को भेजकर निराकरण कराएं।

### वोल्टेज अप एंड डाउन की समस्या का करें निराकरण

कलेक्टर ने कहा कि जिले में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ वोल्टेज अप एंड डाउन की समस्या का भी निराकरण करें। उन्होंने कहा कि वोल्टेज कम-ज्यादा होने के कारण कई बार विद्युत उपकरण खराब हो जाते हैं। उन्होंने गर्मी के मौसम में विद्युत लोडिंग बढ़ने के मद्देनजर ट्रांसफार्मर सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अघोषित बिजली की कटौती से लोगों को काफी परेशानी होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए कार्य करें।

### लोरमी में फ्यूज ऑफ कॉल की सुविधा के लिए टीम गठित करें

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त कराएं। शहरी क्षेत्र में सभी सीएमओ विद्युत विभाग के समन्वय से आमजनों को बिजली संबंधी समस्या से राहत दिलाएं। उन्होंने मुंगेली एवं पथरिया शहर की तरह लोरमी में भी बिजली समस्या के त्वरित निराकरण के लिए नगर पालिका लोरमी में भी फ्यूज ऑफ कॉल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु टीम गठित करने के निर्देश दिए।

### हेल्पलाइन नम्बर जारी

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को फोन-काल रिसीव करने और स्थल पर पहुंचकर समस्या का निदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 86410-02203 जारी किया गया है। जिसमें कोई भी व्यक्ति कॉल कर विद्युत संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, लोरमी एसडीएम गिरधारी लाल यादव, पथरिया एसडीएम बी.आर. ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, सभी नगरीय निकायों के सीएमओ, विद्युत विभाग के प्रभारी कार्यपालन अभियंता अंशु वासने सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।